



आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 30 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-212 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in, www.tarunchhattisgarh.in, phone: 0771-2543112




## संक्षेप

### पाइप फैक्ट्री में करंट लगने से कर्मचारी की मौत

**बलौदाबाजार,30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के सिमगा थाना क्षेत्र स्थित लाला पाईप फैक्ट्री में एक कर्मचारी की आज सुबह करंट लगने से मौत हो गई. घटना सुबह लगभग 10 बजे की है. जब कर्मचारी कार्य के दौरान करंट की चपेट में आया, उसे तत्काल सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, लेकिन वहां इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस फिलहाल घटना की जांच मे जुटी हुई है. जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान-रूप लाल सिन्हा (26 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम पदमी का निवासी था. घटना की जानकारी मिलते ही सिमगा थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी. हालांकि, घटना के कारणों को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है. थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा.

### नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर,30 अक्टूबर।** बस्तर में माओवादियों की कायराना करतूत फिर देखने को मिली है. नक्सलियों ने धारदार हथियार से निर्दोष ग्रामीण की हत्या कर दी. इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. यह घटना थाना बासागुड़ा क्षेत्र के ग्राम पुतकेल की है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. नक्सलियों ने पुतकेल निवासी दिनेश पुजारी पिता मुतैया उम्र 35 वर्ष को रात में मौत के घाट उतारा है. घटना स्थल पर माओवादियों के पामेड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा मिला है, जिसमें मृत ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या करना बताया गया है. बासागुड़ा पुलिस मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई कर रही.

### बीरगांव में चाकू मारकर युवक की हत्या

**रायपुर,30 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर में पिछले कुछ दिनों से चाकूबाजी की घटना बढ़ गई है. यहां आए दिन अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं और कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. एक बार फिर राजधानी रायपुर के बीरगांव में चाकूबाजी की घटना हुई है, जिसमें एक नाबालिग ने युवक की हत्या कर दी है. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. आरोपी को हिरासत में लिया गया है. यह घटना उरला थाना क्षेत्र के बीरगांव के शुक्रवारी बाजार के पास की है, जहां देर रात एक 17 साल के नाबालिग ने 19 साल के एक युवक को चाकू मार दिया. युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई. घटना की सूचना के बाद पुलिस ने 17 साल के नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया है. बताया जा रहा है कि लेनदेन की पुरानी रंजिश के चलते आरोपी नाबालिग ने वारदात को अंजाम दिया है.

### दीपोत्सव की बधाई

सुख-समृद्धि व रौशनी के पर्व दिवाली की समस्त सुधि पाठकों, शुभचिंतकों और विज्ञापनदाताओं को बधाई।

**प्रधान संपादक**



### अवकाश सूचना

दीपावली पर्व पर सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस व कार्यालय में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर 2024 को अवकाश रहेगा। अतः **तरुण छत्तीसगढ़** का अगला सांध्य संस्करण 2 नवंबर 2024 तथा डाक संस्करण 3 नवंबर 2024 को प्रकाशित होगा।

**प्रबंधक**

# सुख समृद्धि का प्रतीक है धान का झालर

**रायपुर,30 अक्टूबर।** धनतेरस के साथ ही देशभर में दिवाली का त्योहार शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ में भी धनतेरस की सुबह से ही बाजारों में भीड़ लगी हुई है। प्रदेश में धान की झालरें घरों में सजाने की परंपरा सदियों पुरानी है। धनतेरस के साथ ही बाजारों में झालरों की बिक्री भी शुरू हो जाती है। बाजारों में इस तरह की झालर की काफी डिमांड है। छत्तीसगढ़ में दिवाली की सांस्कृतिक परंपरा आज भी बरकरार है। अपने घरों के गेट पर धान की झालर लगाकर इस रस्म को निभाया जा रहा है। दिवाली के दौरान, जब खेत नई फसलों से पक जाते हैं, तो ग्रामीण नरम धान की बालियों से कलात्मक चूड़ियाँ बनाते हैं। आजकल बाजारों में रेडीमेड चीजें उपलब्ध हैं। हालाँकि शहरी क्षेत्रों में यह परंपरा धीरे-धीरे कम हो रही है, फिर भी धान के झूमरों का आकर्षण बना हुआ है। बाजार में छोटे आकार के झूमर भी उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 50 से 200 रुपये तक है। व्यापारियों का कहना है कि इन झूमरों की मांग खासतौर पर शहरी बच्चों के बीच ज्यादा है, जो इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार, लोग अपने घरों को धान की झालरों से सजाते हैं और अपनी सुख-समृद्धि के लिए आभार व्यक्त करने के लिए देवी लक्ष्मी को पूजा करने के लिए आमंत्रित करते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह निमंत्रण पक्षियों के माध्यम से देवी तक पहुंचता है, जो धान के दाने चुगने के लिए आंगनों और द्वारों पर उतरते हैं। लोगों का मानना है कि इस तरह राज्य की लोक संस्कृति प्रकृति के साथ अपनी खुशियाँ बांटती है और उसे संरक्षित करती है। छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक घरों के आंगन और दरवाजों पर धान की झालर लटकाने की परंपरा है। इसे पहटा या पिंजरा भी कहा जाता है। छत्तीसगढ़ में दिवाली पर धान से बने झूमर की यह परंपरा नई फसल के स्वागत और अन्न पूजन का प्रतीक मानी जाती है, जो सदियों से ग्रामीण और शहरी इलाकों में अपनी पहचान बनाए हुए है।



» लक्ष्मी पूजा 31 को,गोवर्धन पूजा मनाएंगे 1 को

## निशाने पर हैं सिख अलगाववादी नेता: कनाडा

**नई दिल्ली,30 अक्टूबर।** कनाडा के एक अधिकारी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री अमित शाह ने कनाडा के अंदर सिख अलगाववादियों को निशाना बनाकर हिंसा, धमकी और खुफिया जानकारी जुटाने का अभियान चलाने का आदेश दिया। उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के संसद सदस्यों को बताया कि उन्होंने द वाशिंगटन पोस्ट को शाह के नाम की पुष्टि की है, जिसने सबसे पहले आरोपों की सूचना दी थी। पत्रकार ने मुझे फोन किया और पूछा कि क्या यह वही व्यक्ति है। मैंने पुष्टि की कि यह वही व्यक्ति था। मॉरिसन ने यह नहीं बताया कि कनाडा को शाह की कथित संलिप्तता के बारे में कैसे पता चला। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक साल पहले कहा था कि कनाडा के पास विश्वसनीय सबूत हैं कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। कनाडाई अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि उन्होंने भारतीय अधिकारियों के साथ इसके सबूत साझा किए हैं। भारत सरकार के अधिकारियों ने कनाडा द्वारा सबूत मुहैया कराने से बार-बार इनकार किया है और आरोपों को बेतुका बताया है। ओटावा में भारत के दूतावास ने शाह के खिलाफ आरोप पर टिप्पणी के अनुरोध के संदेशों का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# बिश्नोई के लिए जेल को बना दिया स्टूडियो, हाईकोर्ट नाराज

**चंडीगढ़,30 अक्टूबर।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा कि पंजाब पुलिस अधिकारियों ने लॉरेंस बिश्नोई को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति दी और टीवी इंटरव्यू आयोजित करने के लिए स्टूडियो जैसी सुविधा प्रदान की जो अपराध का महिमामंडन करती है। न्यायमूर्ति अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी ने कहा कि इंटरव्यू आयोजित करने के लिए पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी के कार्यालय को स्टूडियो के रूप में इस्तेमाल किया गया था। इंटरव्यू आयोजित करने के लिए सीआईए स्टाफ के परिसर में आधिकारिक वाई-फाई प्रदान किया गया था। ये आपराधिक साजिश की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट बताती है कि रोजनामचा भी फर्जी और मनगढ़ंत था। कोर्ट ने कहा कि मामले में आगे की जांच की जरूरत है कि ऐसा किस विचार से किया गया और अन्य अपराधों के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों के विभिन्न पहलुओं की जांच की जानी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि पुलिस हिरासत से टीवी साक्षात्कार देने से संबंधित मामले में लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ दायर रद्दीकरण रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों और अपराधी के बीच सांठगांठ और साजिश का संदेह पैदा करती है। पीठ ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने अपराधी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति दी और साक्षात्कार आयोजित करने के लिए स्टूडियो जैसी सुविधा प्रदान की, जो संभावित रूप से अपराध का महिमामंडन करती है।



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी ने खुलासा किया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का पहला साक्षात्कार ÷अपराध और अपराधियों का महिमामंडन÷ तब हुआ था जब वह पंजाब के खरड़ में अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) परिसर में था और दूसरा साक्षात्कार एक साक्षात्कार में था। पिछली कार्यवाही में अदालत ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा कथित तौर पर जेल से अपराध और अपराधियों का महिमामंडन करने वाले टीवी साक्षात्कारों की जांच कर रही एसआईटी पर पंजाब पुलिस की एफआईआर को रद्द करने की सिफारिश के बारे में अदालत को सूचित करने में विफलता पर आश्चर्य व्यक्त किया था।

## चांदनी चौक में फ्रांस के राजदूत का मोबाइल चोरी

नई दिल्ली,30 अक्टूबर। दिल्ली का चांदनी चौक दुनियाभर में मशहूर है। देश-विदेश से जो लोग दिल्ली घूमने आते हैं, वो चांदनी चौक जरूर जाते हैं। कपड़ों के साथ-साथ यह बाजार खाने-पीने की चीजों के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में चांदनी चौक बाजार में काफी भीड़भाड़ भी रहती है। कुछ दिनों पहले फ्रांस के राजदूत थियरी माथौ अपनी पत्नी के साथ चांदनी चौक बाजार घूमने गए थे। बाजार की भीड़ में उनका फोन ही चोरी हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि फ्रांस के राजदूत का फोन चोरी करने के मामले में अब चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल, फ्रांस के राजदूत अपनी पत्नी के साथ 20 अक्टूबर को चांदनी चौक बाजार घूमने गए थे। तभी भीड़ में किसी ने उनकी जेब से फोन चुरा लिया। पुलिस को इस चोरी की जानकारी 21 अक्टूबर को मिली। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि फ्रांस के दूतावास ने राजदूत के फोन चोरी के बारे में पुलिस को बताया।

# महाविकास अघाड़ी में नहीं बनी बात, एक दूसरे के खिलाफ मैदान में दिखेंगे उम्मीदवार

मुंबई,30 अक्टूबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अब काफी पास आ चुके है। इसी बीच महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में जारी आंतरिक कलह का खुलासा भी हो चुका है। सभी को पता है कि महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में सब कुछ ठीक नहीं है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे द्वारा स्थापित किए किया गया महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सफलता की सीढ़ी चढ़ता नहीं दिख रहा है। माना जा रहा है कि इसका टूटना तय है। दरअसल विधानसभा चुनावों से पहले महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में कई तरह के मतभेद देखने को मिल रही है। इसी बीच अघाड़ी के तीनों घटक दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतार दिए हैं। महाविकास अघाड़ी में जारी अंदरुनी कलह के कारण राज्य को सुचारु रुप से चलाने की क्षमता इसमें नहीं दिख रही है। इसे लेकर लोगों के बीच काफी संदेह पैदा हुआ है। खासतौर से कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी में चल रही अंदरूनी कलह के कारण स्थिति ठीक नहीं है। वहीं सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के बीच कई बैठकें हुई जो बार-बार विफल हुई। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के बीच बैठक में सहमति ना बनने पर सार्वजनिक तौर इस गठबंधन के प्रति अहमति पैदा हुआ है। ऐसे विवादों के कारण गठबंधन में भी दरार आई है। इस कारण चुनाव आने के साथ ही गठबंधन का भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है। इस पर खतरा लगातार मंडरा रहा है। महाराष्ट्र में गठबंधन को निभा पाने में जो पार्टियां असफल होंगी वो आगे क्या करेंगी। चुनाव से पहले ही ये सवाल उठने लगा है। गठबंधन में पैदा हुए गहरे मतभेद इसी से दिखते हैं कि पार्टियों ने परांदा, दक्षिण सोलापुर, दिगराज और मिराज जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने से परहेज नहीं किया है। ऐसे में महाविकास अघाड़ी में शामिल तीनों पार्टियों को आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है। ये संदेह भी उठ रहा है कि गठबंधन में सभी ठीक नहीं है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि पार्टियों को अपने कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य बैठाने में भी परेशानी आ रही है। इसे लेकर भी पार्टियां संघर्ष कर रही है। उम्मीदवारों को सीट बंटवारे पर असहमति के विवाद के कारण एमवीए की छवि पर नकारात्मक प्रभाव आया है। कई स्थानीय नेता और पार्टी कार्यकर्ताओं को विरोध प्रदर्श और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दे चुके है। ऐसे में इन पर विश्वास करना मुश्किल है। एमवीए को संभालने के लिए अंदर और बाहर हर तरफ कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ सीट बंटवारे की समस्या ही नहीं, कई अन्य समस्याएं भी है। दरअसल इसके नेताओं के बीच वैचारिक और रणनीतिक असहमति बनी हुई है। इसमें मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नामांकन समेत प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक बहस होना शामिल है। इससे गठबंधन में तनाव अधिक हो रहा है। आम असहमति की कमी और जो कलह दिख रही है वो ताकत और एकता को अधिक कमजोर करने का काम कर रही है।

# '2 करोड़ रुपये दो या मर जाओ' सलमान को फिर धमकी

मुंबई,30 अक्टूबर। बॉलीवुड स्टार सलमान खान को फिर से जान से मारने की धमकी मिली है, जिसमें फिरौती मांगी गई है। इस बार अज्ञात कॉलर ने अभिनेता से 2 करोड़ रुपये मांगे हैं। खबर सामने आने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस हरकत में आई और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुंबई पुलिस ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर पर फिरौती मांगने वाले कई व्हाट्सएप मैसेज भेजने का मामला दर्ज किया। मैसेज के मुताबिक, अज्ञात कॉलर ने कहा कि अगर 2 करोड़ रुपये नहीं दिए गए तो सलमान खान को मार दिया जाएगा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, वर्ली ट्रैफिक पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति ने 2 धमकी भरे मैसेज भेजे हैं। वर्ली पुलिस ने धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 354 (2), 308 (4) के तहत मामला दर्ज किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उत्तर प्रदेश के नोएडा से एक 20 वर्षीय व्यक्ति को अभिनेता और विधायक तथा एनसीपी (अजित पवार) नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिनकी 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस ने कहा कि उसने गुफरान खान को हिरासत में ले लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद तैयब के रूप में हुई है, जिसे गुरफान खान के नाम से भी जाना जाता है और उसे नोएडा के सेक्टर 39 से गिरफ्तार किया गया। जीशान के पिता बाबा सिद्दीकी, जो तीन बार विधायक, महाराष्ट्र में पूर्व राज्य मंत्री और सलमान खान के करीबी दोस्त थे, की उनके बेटे के कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाद में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली। जीशान को यह धमकियाँ उनके पिता की हत्या के कुछ सप्ताह बाद मिलीं। इस साल अप्रैल में, दो लोग मोटरसाइकिल पर आए और मुंबई में सलमान खान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर चार गोलियाँ चलाईं। घटना के बाद हमलावर तुरंत मौके से भाग गए।





BSBK

BSBK PRIVATE LIMITED

4th Floor, Surya Treasure Island Mall
Bhilai - 490020 (C.G.) India,
Ph. : 91-788-4090200
e-mail : bsbk-bhilai@bsbkltd.com,
website : www.bsbkltd.com

BEEKAY CORP™

BEEKAY ENGINEERING CORPORATION

45/47, Industrial Estate, Bhilai - 490026
(C.G.) India Ph. : 91-788-4082200
email: info@beekaycorp.com
website : www.beekaycorp.com





सुख के दीप जले, घर आंगन में खुशहाली हो, बड़ों का आशीर्वाद और अपनों का प्यार मिले ऐसी मंगल दिवाली।



दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

- बी. एस. स्पंज प्रा. लिमिटेड
- मां मंगला स्पंज प्रा. लिमिटेड
- मां शाकाम्बरी स्टील प्रा. लिमिटेड
- मां काली एलॉयज उद्योग प्रा. लिमिटेड
- एन. आर. ग्रुप
- नवदुर्गा फ्यूल प्रा. लिमिटेड
- रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्रा. लिमिटेड
- रायगढ़ आयरन इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड
- श्री रूपानाधाम स्टील प्रा. लिमिटेड
- शिव शक्ति स्टील प्रा. लिमिटेड
- स्काई एलॉयज एण्ड पॉवर प्रा. लिमिटेड
- स्केनिया स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड
- सिंघल ग्रुप

# विधायक रिकेश के प्रयास से 10 करोड़ के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 30 अक्टूबर। धनतेरस के दिन विधायक रिकेश सेन के प्रयास से वैशाली नगर विधानसभा के निगम भिलाई अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्य के लिए 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री अरुण साव ने दी है। सेन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 21 अगस्त को नगर पालिक निगम भिलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव भेजा था जिसके लिए 10 करोड़ की अनुदान राशि की स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इस आशय का स्वीकृति आदेश भी संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा आयुक्त नगर पालिक निगम को आ गया है। आपको बता दें कि 10 करोड़ की स्वीकृति राशि से वार्ड-2 त्रिवेणी नगर में गार्डन निर्माण व सौन्दर्यीकरण, दीनदयाल कॉलोनी में गार्डन निर्माण व सौन्दर्यीकरण, वार्ड-4 नेहरू नगर काली बाड़ी एरिया के अंतर्गत सड़क सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड-8 न्यू कृष्णा नगर में चौरसिया फेब्रिकेशन के पीछे विभिन्न गलियों में आरसीसी नाली निर्माण कार्य, योगेश वर्मा के घर से गज्जू के घर तक सीसी रोड एवं नाली नाली निर्माण कार्य, वार्ड-11 कोहका अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य एवं आंतरिक मागों में सीमेंटीकरण, वार्ड-15 आंबेडकर नगर में बहुउद्देशीय हॉल को पूर्ण करने और डोम शेड निर्माण कार्य, वार्ड-17 के अंतर्गत पांच रास्ता समीप मोतीलाल चौक, आनंद चौक के पास नाली निर्माण कार्य और सुपेला मार्केट के पास सड़क सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड-20 के विभिन्न स्थानों में आवश्यकतानुसार नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य, वार्ड-25 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुंड तक एवं एमआईजी 36 से विभिन्न आंतरिक मार्गो का सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड-27 है तीन दर्शन मंदिर के आस पास, बुद्ध भवन नहर नाली तक, शिवा स्क्रैप के सामने, जागृति चौक एवं विभिन्न गलियों का सीमेंटीकरण व नाली निर्माण, बीएम शाह हॉस्पिटल के आस पास एवं विभिन्न गलियों का सीमेंटीकरण, वार्ड-29 वृंदा नगर अंतर्गत मार्कण्डेय तिवारी लाइन, मुन्नाजी लाइन, अप्पा राव लाइन एवं आवश्यकता अनुसार आंतरिक मार्गो का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य, तरुण बंजारे लाइन, अर्जुन नगर कोआपरेटीव लाइन एवं विभिन्न आंतरिक मार्गों में आवश्यकतानुसार सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य, अर्जुन नगर अंतर्गत दुर्गा मैदान में डोम शेड निर्माण कार्य, वार्ड-30 आंबेडकर नगर राम जानकी मंदिर के पास डोम शेड निर्माण कार्य, प्रगति नगर पानी टंकी प्रायमरी स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, स्वास्थ कार्यालय के सामने पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, प्रगति नगर संजू कोल् डिपो से भारत सीट, होतवानी ऑटो से संतोषी माता मंदिर तक, छतिलाल मिश्रा के घर के पास आरसीसी रोड तथा नाली निर्माण कार्य वार्ड-31 मदर टेरेसा नगर के मयूर पार्क के आसपास, स्टाफ क्वार्टर, टावर लाइन तथा विभिन्न मार्गों का सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, मदर टेरेसा नगर के मनोज लाइन, घासीदास मंदिर, टावर एवं हनुमान मंदिर के विभिन्न गलियों में नाली निर्माण कार्य, वार्ड-32 त्रिलोकी नाथ पांडेय के निवास से रमा विश्वकर्मा के घर तक आरसीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, गुरुघासीदास नगर पार्षद कार्यालय के समीप डोम शेड निर्माण कार्य, बैकुंठ धाम मंदिर के सामने बनती के घर से नागेश साहू के घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य, जेपी नगर चौक शिव मंदिर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड-33 संतोषी पारा शर्मा कॉलोनी में डोम शेड निर्माण कार्य, न्यू संतोषी पारा हुडको क्वार्टर के पास दुर्गा मंच डोम शेड गार्डन सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड-34 बाबा कॉलोनी मिलन चौक, बिहारी शिव मंदिर, निषाद सेवा समिति, सीसी रोड निर्माण कार्य, शिव मंदिर के पास आँगनबाड़ी के पीछे डोम शेड निर्माण कार्य, गणेश चौक भवन संधारण, दुर्गा स्कूल के समाने भवन संधारण, निषाद सेवा समिति के पास डोम शेड कार्य, वार्ड-36 महात्मा गांधी नगर की विभिन्न गलियों का सीमेंटीकरण एवं आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड-36 टाटा लाइन की विभिन्न गलियों का सीमेंटीकरण एवं आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड-38 सोनिया गाँधी नगर के अंतर्गत विभिन्न आंतरिक स्थानों में नाली निर्माण कार्य, सोनिया गाँधी नगर के अंतर्गत विभिन्न आंतरिक स्थानों में सड़क सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड 40 शंकर नगर छावनी में दुर्गा मंच से बिहारी मोहल्ला, ठाकुर गली से अनूप आइस तक, कल्याण नगर में सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड 40 श्रमिक नगर में भैया किराना से रघु होटल व शनि मंदिर तक, शंकर नगर में अनूप आइस से एसएस हॉस्पिटल के पीछे तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, कल्याण नगर शंकर नगर के विभिन्न स्थानों में पुलिया संधारण व नाली निर्माण, वार्ड-41 तिरंगा चौक, लक्ष्मण नगर खटाल एरिया, राजू ठेठवार पारा, गौरा गौरी लाइन एवं आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण कार्य, वार्ड-41 हाई मास्क लाइट एसीसी चौक, लक्ष्मण नगर चौक सहित खुर्सीपार छावनी क्षेत्र में नाली, आरसीसी रोड निर्माण कार्य होगा।

## एक नजर

### दिवाली में जुआ खेला तो खैर नहीं



भिलाई, 30 अक्टूबर। भिलाई दिवाली के अवसर पर गांव से लेकर शहर तक जुआ खेलने की एक कुप्रथा का चलन है। लोग जगह जगह पर फड़ जमाकर जुआ खेलते हैं। इस पर पुलिस की तैयारी है कि जुआ खेलने की इस कुप्रथा पर करारा प्रहार किया जाएगा कहीं भी जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम वहां जाकर कार्रवाई करेगी इसका अर्थ स्पष्ट है कि दिवाली पर जुआ खेलने की सोचने वालों की दिवाली सलाखों के पीछे बीत सकती है पुलिस ने आम लोगों से अपील है कि त्योहार की आड़ में इस सामाजिक बुराई को बढ़ावा न दें अन्यथा जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी बता दें कि दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने दो दिन पहले ही जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली थी। बैठक में उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से दिवाली व छठ त्योहार संपन्न करवाने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही उन्होंने जुआ खेलने वालों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई करने के लिए कहा था। ताकि लोग दिवाली पर जुआ जैसी कुप्रथा को बढ़ावा न दें और न ही इसमें संलिप्त होकर अपने धन की हानि करें। इसके बाद से जिले के सभी थाना व चौकी पुलिस की टीम सक्रिय है। जुआ खेलने की शिकायत मिलने पर पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है। पुलिस का दावा है कि दिवाली के दौरान जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस की ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी एचएससीएल कालोनी में चल रहा था जुआ, आठ जुआरी दबोचे इधर, भिलाई नगर पुलिस ने एचएससीएल कालोनी दुर्गा मंदिर के पीछे जुआ खेल रहे आठ जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने सुभाष चौक कैंप-एक निवासी ×4 वर्षीय सैय्यद हैदर अली, प्रगति नगर रिसाली निवासी 42 वर्षीय अनुराग सिंह, रूआबांधा निवासी ×4 वर्षीय मनोज साव, रिसाली भाठा निवासी 40 वर्षीय दामेश्वर यादव, रिसाली सेक्टर निवासी ×2 वर्षीय विक्रम प्रताप सिंह, रुआबांधा जैन मंदिर के पास निवासी 24 वर्षीय अमन जैन, रिसाली सेक्टर निवासी ×0 वर्षीय मनीष साहू, माया नगर रिसाली निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र जैन को गिरफ्तार किया पुलिस ने सभी आरोपितों के पास से कुल 20 हजार 550 रुपये नकद और ताश पत्ती जब्त की है

### अवैध खुदाई करने वालों ने दी धमकी

भिलाई, 30 अक्टूबर। भिलाई अवैध रूप से खुदाई करने वालों से पूछताछ करना महिला उपसरपंच को भारी पड़ गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज की। पीड़िता की शिकायत पर उतई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि श्रीमती शीतल ठाकुर ग्राम पंचायत पुरई की उप सरपंच है। ग्राम पंचायत पुरई गर्व इंस्टिट्यूट विद्युत सब स्टेशन के बाजू तरण ताल में आरोपी मुन्ना चौधरी, सम्राट सिंह और हर्ष राजपूत 27 अक्टूबर की सुबह अवैध रूप से खुदाई कर रहे थे जानकारी मिलने पर पीड़िता मौके पर पहुंची तो देखी कि आरोपीगण जेसीबी मशीन से खुदाई करवा रहे थे ।

### सांसद के खेत से केबल चोरी

भिलाई, 30 अक्टूबर। भिलाई पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 45 हजार रुपए के मोटर केबल वायर चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305 (ए),331(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि ग्राम उरला खार में सांसद विजय बघेल का खेत है इस खेत की देखरेख रिसाली निवासी कृष्णा करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया रोज की तरह उरला स्थित खेत में बने कमरे में ताला लगाकर अपने घर रिसाली चला गया था। दूसरे दिन सुबह 8 बजे खेत पहुंचा तो देखा कि खेत में बने कमरे का ताला टूटा हुआ है। कृष्णा ने देखा तो वहां रखे सबमर्शिबल मोटर केबल वायर 500 फीट 2.5 एमएम एवं खेत में लगे दो सबमर्शिबल मोटर का केबल वायर करीब 35 फीट 2.5 एमएम कुल कीमत 45 हजार रुपए को अज्ञात चोर काटकर ले गया था ।

### श्रम पंजीयन शिविर 6 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक

धमतरी 30 अक्टूबर । कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा जनपद पंचायत नगरी के दूरस्थ ग्राम पंचायतों में आगामी 6 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए श्रम पदाधिकारी द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 6 नवम्बर को अरसीकन्हार, 7 नवम्बर को तुमड़ीबहार, 11 नवम्बर को फरसगांव, 12 नवम्बर को खल्लारी, 20 नवम्बर को रिसगांव, 21 नवम्बर को भैंसामुड़ा, 25 नवम्बर को फरसियां, 2 दिसम्बर को केरेगांव और 3 दिसम्बर को बांसपानी में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### त्यौहार के पहले निगम के 2 हजार कर्मियों के खाते में सैलरी ट्रांसफर

दुर्ग,30 अक्टूबर। नगर निगम के कर्मचारियों के चेहरे खिल गए. इसकी वजह निगम के 2 हजार नियमित कर्मियों के खाते में वेतन की रकम डाल दी गई है. दीपावली पर्व को देखते हुए. प्रत्येक नियमित कर्मचारियों को भुगतान कर दिया गया है. निगम के 2 हज़ार नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों को दिपावली के पूर्व उनके खाते वेतन खाते में जमा करवाया गया है।

महापौर धीरज बाकलीवाल और निगमायुक्त लोकेश चंद्राकार ने दीपावली पर्व को देखते हुए वेतन की राशि खाते में जमा कराते हुए दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं अधिकारी व कर्मचारियों को दी है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारी और कर्मचारियों से कहा कि राज्य शासन के निर्देशनुसार निगम द्वारा सर्वप्रथम यहां निर्णय लिया गया कि सबसे पहले कर्मचारियों का भुगतान होने से वह अपने परिवार के साथ दीपावली त्योहार की तैयारी कर सके।

# एनसीसी कैडेटों ने मनाया राष्ट्रीय एकता व संकल्प दिवस




भिलाई, 30 अक्टूबर। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय एकता दिवस को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए रैली निकाली, निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर व शपथ भी लिया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय एकता व संकल्प दिवस क्यों मनाया जाता है इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में 31 अक्टूबर को भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर इस दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में तथा भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप मनाने का निर्णय लिया।

भारत के गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए आधिकारिक कथन में कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा हेतु वास्तविक और सम्भावित संकटों का सामना करने हेतु हमारे राष्ट्र की अन्तर्निहित शक्ति और सहिष्णुता की फिर से पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि भारत की राष्ट्रीय एकता पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन एनसीसी कैडेटों के बीच किया गया जिसमें 27 कैडेटों ने भाग लिया। उसके पश्चात देश की राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनय शर्मा द्वारा छात्र सैनिकों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने किया जिसमें मुख्य रूप से एसयूओ जय कुमार, जेयूओ भावेश, सार्जेंट विक्रम सरकार, उमेश कुमार, कैडेट दुर्गाशंकर, दुष्यंत, ऋषि सोनी, नागेश्वर, सोमदत्त, पुष्पेंद्र,रोहन, राजीव, अर्पित, हंसराज, हरीश मोटघरे, उदित राज सहित 37 कैडेटों ने सक्रिय योगदान दिया।

### विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की पहल पर निकाय के कर्मचारियों को दीपावली पूर्व मिलेगा वेतन

महासमुंद 30 अक्टूबर । स्थानीय विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा की पहल पर महासमुंद जिले के नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर वेतन मिल सकेगा। आज संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया, जिसमें जिले के तीन नगर पंचायत और तीन नगर पालिकाओं के अधिकारी कर्मचारियों को दो करोड़ 21 लाख रुपये की राशि जारी किए गए हैं। ज्ञात है कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव से मिलकर नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारियों के वेतन आवंटन के लिए पहल की थी। आज जारी आदेश के अनुसार महासमुंद नगर पालिका के लिए 80 लाख, बागबाहरा के लिए 51.35 लाख, सरायपाली के लिए 47.95 लाख, बसना के लिए 14.64 और तुमगांव के लिए 9.36



जामुल, 30 अक्टूबर। लक्ष्मी पारा जामुल में नवनिर्मित दुकान का उद्घाटन नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर हाथों किया गया साथ में पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू ओमप्रकाश साहू दीपक सिंह जगदीश देवांगन दयालु जंघेल प्रहलाद जंघेल पंचु सेन मायरा बंछोर कुलेश्वर वर्मा अश्वनी पाण्डेय देवदत्त शर्मा प्रशांत बंटी गुप्ता संचालक अनिल प्रसाद कामेश्वर प्रसाद राजेश्वर प्रसाद एवं समस्त साथियों द्वारा किया गया।



### जहीर अब्बास बने एमआईसी सदस्य, कांग्रेसियों में हर्ष

भिलाई, 30 अक्टूबर। रिसाली निगम में जहीर अब्बास के सदस्य बनने पर कांग्रेसी और रिसाली निगम वासियों में हर्ष देखा जा रहा है । महापौर शशि सिन्हा सहित कई कांग्रेसियों ने बधाई देते हुए कहा की विकास की रफ़्तार में जहीर अच्छी भूमिका निभाएंगे । जाहिर अब्बास ने प्राथमिकता के सवाल पर कहा की सभी वार्डो में सर्वांगीण विकास करना मुख्य प्राथमिकता है ।

### पूर्व विधायक रंजना साहू एवं कलेक्टर ने धमतरी में आयोजित एकता दौड़ को झंडी दिखाकर किया रवाना



धमतरी 30 अक्टूबर । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश सहित जिले में भी ''रन फॉर यूनिटी'' एकता दौड़ का आयोजन किया गया। गांधी मैदान धमतरी से शुरू हुए इस दौड़ को पूर्व पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजन साहू और कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ सदर बाजार होते हुए घड़ी चौक मे सम्पन्न हुआ। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने 'एकता में बल' के नारे के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर धमतरी शहर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने एक साथ दौड़कर एकता का संदेश दिया। इसके साथ सभी विकासखण्डों में भी लोगों ने एकता की दौड़ लगाई। साथ ही सभी ने एकता की शपथ भी ली।

पूर्व विधायक श्रीमति रंजना साहू ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि लोगों में राष्ट्रीय भावना और एकता का भाव जगाना है। उन्होंने कहा कि हम सभी इस दौड़ में शामिल होकर सरदार वल्लभभाई पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्प लें। रन फॉर यूनिटी में भाग लेकर हम सभी एकजुटता, अखंडता और अपने राष्ट्र के प्रति असीम श्रद्धा को प्रदर्शित करें। इस अवसर पर उन्होंने धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी।कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिलेवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साथ ही यह अपने देश की विविधताओं में एकता के महत्व समझाता है।

# ग्रामीण अंचल के बने दीयों पर नहीं की जाएगी किसी प्रकार की कर वसूली



भिलाई, 30 अक्टूबर। धनतेरस, नरक चतुर्दशी एवं दिपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणो के द्वारा बनाये गये मिट्टी के दिये का ही उपयोग करें। अभी नगर के सभी क्षेत्रों में कुम्हारों द्वारा बनाये गये दिये का विक्रय किया जा रहा है। बहुत सी ग्रामीण महिलाएं गांव से कुम्हारों के बने दिये लाकर गली, मोहल्लों, कालोनियों में कलश दिया, घड़ा, गुलदान, गुल्लक इत्यादि की बिक्री कर रही है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों को आदेशित किये हैं कि इस प्रकार के ग्रामीण अंचलों के बने सामग्रियों का अधिकतम उपयोग करें। इसी तारतम्य में आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा नगर निगम के सभी जोन कमिश्नर, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये हैं कि कुम्हारों के बने दिये बेचने वालो का सहयोग किया जाए। अधिक से अधिक लोगो को मिट्टी के बने दिये खरीदने के लिए प्रेरित किया जाए। दिया बेचने वाले कुम्हारों से किसी प्रकार की कर की वसूली न की जाए। नगर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी अपने-अपने घरों में ग्रामीण अंचल द्वारा बनाये गये दीयों का ही उपयोग किया जाएगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल द्वारा नागरिकों से अपील की है कि ग्रामीण अंचल के बने मिट्टी के दियो का अधिक से अधिक उपयोग करें। जिस दिये से हम अपने घरो में रोशनी करेगें, उस दिये को बेच कर जो पैसा मिलेगा, उससे हमारे ग्रामीण अंचल के कुम्हार भाईयो के घरो में भी दीपावली अच्छे से मनेगी।



उतई। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन ने क्षेत्रवासियों को दी लक्ष्मी पूजा गोवर्धन भाईदूज कि बधाई घर में जलाया दीप ।

# सांस्कृतिक संध्या में गजल गायक जगजीत सिंह को दी गई स्वरांजलि



भिलाई, 30 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 26 अक्टूबर को महात्मा गांधी कला मंदिर में विख्यात गजल गायक स्व. जगजीत सिंह को स्वरांजली दी गई। इस आयोजन में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रभंजय चतुर्वेदी ने स्व. जगजीत सिंह की चुनिंदा गजलों को अपने अंदाज में पेश कर उन्हें स्मरण किया। आयोजन में विशेष रूप से मुंबई से पधारे विख्यात वायलिन वादक दीपक पंडित उपस्थित हुए जो 23 सालों तक जगजीत जी के स्वर-यात्रा के हमसफर रहे हैं। दीपक पंडित के आगमन के पश्चात इस शाम ने एक नया रूप लिया और समस्त श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या में जगजीत सिंह के प्रसिद्ध गजलों को प्रभंजय चतुर्वेदी ने प्रस्तुत किया, जिस पर दीपक पंडित ने वायलिन पर संगत की। दीपक ने अपने वायलिन वादन के अनूठे अंदाज से भिलाई की जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर सपत्नीक उपस्थित थे। कार्यक्रम में भालचंद्र शेगेकर व रामचंद्र सरपे ने तबले पर, दुष्यन्त हरमुख ने बांसुरी पर, दीपांकर दास व देवब्रत मजुमदार ने ऑक्टोपैड पर, भागवत साहू ने ढोलक पर तथा दिलीप शर्मा ने कीबोर्ड पर संगत की। संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

### राज्य की पैरा ताइक्वांडो टीम नेशनल में होगी शामिल

रायपुर, 30 अक्टूबर। फगवाड़ा पंजाब में नौ नवंबर से होने वाली नेशनल पैरालंपिक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का चयन पांच नवंबर को सुंदरनगर स्कूल में किया जाएगा। चयन प्रतियोगिता में सभी जिलों से विभिन्न श्रेणी में पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ियों के भाग लेने की सहमति प्राप्त होगी। ज्ञात हो कि यह प्रथम अवसर है कि राज्य की पैरा ताइक्वांडो टीम नेशनल में शामिल होगी। यह जानकारी संघ के सचिव रवि धनगर ने दी है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

धमतरी 30 अक्टूबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर.मरकाम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत राजनीतिक दलों की बैठक ली। इस अवसर पर मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, बसपा, बीजेपी, जोगी कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसना क्षेत्र 56-सिहावा, 57-कुरूद एवं 58-धमतरी के मतदान केन्द्रों में फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 01 जनवरी 2025 के तहत् 20 अगस्त 2024 से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण का कार्य किया गया। जिले में कुल 6 लाख 33 हजार 382 मतदाताओं में 3 लाख 10 हजार 844 पुरुष, 3 लाख 22 हजार 538 महिला मतदाता और 9 तृतीय लिंग मतदाता है। जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 753 है, प्री रिविजन एक्टिविटीज के तहत् मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण का कार्य किया गया है। बताया गया है कि मतदाताओं के सुविधाओं का ध्यान रखते हुए तथा मतदान केन्द्र भवन जर्जर होने एवं मतदान केन्द्र भवनों के नाम परिवर्तित होने इत्यादि कारणों से युक्तियुक्तकरण के तहत् स्थल परिवर्तन, भवन परिवर्तन, मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन तथा अनुभाग परिवर्तन की कार्यवाही की गयी। इसके तहत् जिले में 04 स्थल परिवर्तन, 18 भवन परिवर्तन, 02 मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन एवं 01 अनुभाग परिवर्तन किया गया। जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा, 57 गुरूद एवं 58 धमतरी के मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के तहत् मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित प्रारूप ड्ढ में 07 अक्टूबर 2024 को किया जाकर जिले के वेबसाइड में अपलोड करा दिया गया। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के तहत् 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात् 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियुक्त युथ लेबल अधिकारी/अभिहित अधिकारियों द्वारा मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन करने का कार्य किया जावेगा। इसी तरह 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले या इससे अधिक उम्र वाले व्यक्तियों, जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, ऐसे व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है या शादी, विवाह या अन्य कारणों से मतदान केन्द्र की भौगोलिक सीमा से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं, उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलोपित किये जाने का कार्य किया जावेगा। ऐसे मतदाता जिनके नाम, रिश्ते, उम्र, सरनेम एवं जन्मतिथि आदि प्रविष्टि में त्रुटि है अथवा अस्पष्ट फोटो मर्ज किया गया है, उन मतदाताओं की प्रविष्टि प्रारूप 8 भरकर संशोधन किया जावेगा तथा इस दौरान ऐसे मतदाता जो एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र की सीमा में निवास कर रहे है, उन मतदाताओं का स्थान परिवर्तन करने का कार्य भी किया जावेगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र में उपरोक्त कार्यवाही हेतु 28 नवम्बर 2024 तक दावा, आपत्ति प्राप्त की जायेगी। इस कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु 09 नवम्बर 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर 2024 (रविवार) एवं 16 नवम्बर 2024 (शनिवार), 17 नवम्बर 2024 (रविवार) को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जावेगा। अभिहित अधिकारियों/बीएलओ के द्वारा ली गई दावा, आपत्तियों का निराकरण संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर के मौका सत्यापन उपरांत 24 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जावेगा तथा आयोग के निर्देशानुसार 06 जनवरी 2025 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जावेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई विशेष सुविधा के अनुसार पुनरीक्षण की इस अवधि में अर्हता तिथि 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों से अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किये जाएँगे तथा इन आवेदकों का नाम उक्त अर्हता तिथि में मतदाता के रूप में जोड़े जायेंगे। जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है।

# महिलाओं को दीपावली से पूर्व मिला महतारी वंदन योजना का लाभ

**रायपुर 30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने राज्य की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की है बल्कि उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा कर रही हैं, बल्कि अपने बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को भी समय पर पूरा कर रही हैं। दीपावली से पहले राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान महतारी वंदन योजना के तहत राशि का अंतरण महिलाओं के लिए गर्व का क्षण था। इससे प्रदेश भर की महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खाते में नौवी किस्त की राशि अंतरित हुई, जिसमें कोण्डागांव जिले के एक लाख 39 हजार 177 महिलाओं को दीपावली पर्व के पहले न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि यह भी एहसास हुआ कि सरकार उनके संघर्षों को समझ रही है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



ग्राम बफना की रहने वाली लीला बाई यादव पेशे से मितानिन हैं और उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलती है। लीला बती कहती हैं, 'इस योजना से मुझे बहुत खुशी है क्योंकि सरकार हमें घर चलाने के लिए आर्थिक मदद कर रही है, जिससे हम छोटे-मोटे खर्चे आसानी से पूरा कर पाते हैं।' लीला बाई के परिवार में तीन बच्चे हैं, दो बेटियां और एक बेटा। उनका बड़ा बेटा एक शो रूम में काम करता है, जिससे परिवार को आर्थिक मदद मिलती है, जबकि दूसरी बेटी अपने पिता के साथ मिलकर एक छोटा होटल चलाती है। वहीं, उनकी सबसे छोटी बेटी कंप्यूटर कोर्स कर रही है। घर में डेढ़ एकड़ खेत है, जहां परिवार खेती करता है। महतारी वंदन योजना की मदद से लीला बाई अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन यापन करने में सक्षम हो पाई हैं। ग्राम कलेकसा पारा, बफना की शैलेंद्री पोयाम गृहिणी हैं और उनका परिवार मुख्य रूप से खेती-बाड़ी पर निर्भर है। उनके परिवार में सात लोग हैं और उनके पति खेती करके परिवार का खर्च चलाते हैं। शैलेंद्री का परिवार छह एकड़ जमीन पर खेती करता है। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली सहायता से शैलेंद्री को अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। इस योजना से उन्हें घर चलाने के लिए आर्थिक राहत मिली है, जिससे उनका परिवार सुखी और संतुलित जीवन बिता रहा है। बफना, कलेकसा पारा की रहने वाली हितेंद्री देवांगन एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं और उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपये मिलते हैं। हितेंद्री कहती हैं, 'इस बार दीपावली से पहले हमें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों यह राशि मिली, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इससे हम दीपावली में बच्चों के लिए पटाखे और मिठाई जैसी जरूरतें पूरी कर पाएंगे। हितेंद्री संयुक्त परिवार में रहती हैं, जिसमें 17 लोग हैं। उनका पूरा परिवार किसान है और खेती-बाड़ी से ही घर चलता है और उनकी डेढ़ एकड़ जमीन से सिर्फ खाने लायक ही उत्पादन हो पाता है। हितेंद्री बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि से उन्हें और उनकी देवरानी एक-दूसरे की जरूरतों के समय मदद करती हैं, जिससे देवरानी जेठानी के बीच में मन मोटाव जैसे परिस्थिति नहीं रहती। हितेंद्री के दो बेटियां हैं और दोनों बेटियों के लिए वह सुकन्या योजना के तहत पैसे जमा करती हैं।






















संपादकीय

# ..तो लोग डरेंगे अपराध करने से

पहले माना जाता था कि अपराध की सजा मिलने पर लोग अपराध करने से डरेंगे, इसलिए हर अपराध के लिए कानून बनाया गया था और सजा तय की गई थी।बदलते वक्त,पुलिसतंत्र, न्याय के क्षेत्र में भी व्याप्त विसंगतियों के चलते अब कम लोगों को ही अपराध की सजा मिलती है, या फिर मामला बरसों तक चलता रहता है। सजा मिलती है तो इतनी देरी से मिलती है कि उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है।अपराधियों व खासकर पेशवर अपराधियों में अपराध के बाद अपराध करके भी सजा को कोई डर नहीं रह गया था, रही सही कसर उनको राजनीतिक दलों के मिले संरक्षण ने पूरी कर दी। रोज कानून तोड़ने वाले लोकसभा व विधानसभा पहुंचने लगे। जनप्रतिनिधि बनने के बाद तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने से डरती थी और जनता उनके खिलाफ गवाही देने से डरती थी, इससे अपराध दर्ज तो होते थे लेकिन उसका कोई गवाह न होने अपराधी कोर्ट से बरी कर दिए जाते थे। यूपी में तो राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों का आतंक इतना था कि जज भी उनके खिलाफ सुनवाई करने से मना कर देते थे। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत तो कहीं से होनी ही थी, किसी को करनी ही थी। कहा जाता है न अति का अंत एक दिन जरूर होता है। जब जब धरा पर अधर्म बढ़ जाता है तो उसके नाश के लिए भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। इसको दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मनुष्य समाज से ही कोई ऐसा एक दिन सामने आता है, अपराधियों के आंतक के साम्राज्य को समाप्त करने के लिए। वह जब कहता है कि माफिया को मिट्टी में मिला दिया जाएगा तो लोगों को खुशी होती है और भरोसा भी होता है कि यह आदमी जरूर माफिया राज का नाश करेगा। यह काम यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। यूपी की वही पुलिस थी, वही पुलिस तंत्र था, वही बड़े बड़े अपराधी थे लेकिन योगी ने पुलिस को खुली छूट दी कि माफिया को छोड़ना नहीं है, उनका सफाया जरूरी है। उनके आपराधिक साम्राज्य के साथ उनके आर्थिक साम्राज्य को समाप्त करने की शुरुआत योगी ने की और पांच साल में ही उन्होंने वह काम कर दिखाया जो काम उनसे पहले के लोग असंभव मानते थे, यूपी से माफिया का सफाया । इसके लिए उन्होंने सबसे बड़े माफिया को पहले निपटाया. अतीक व असांरी के निपटते ही बाकी छोटे माफिया तो वैसे ही डर गए और कुछ यूपी छोड़कर चले गए और कुछ ने सरेंडर कर दिया। जिसने सरेंडर नहीं किया उनका एनकाउंटर कर दिया। यूपी में तो माना जाता था कि अगर किसी अपराधी पर एक लाख से ज्यादा का ईनाम हो गया तो उसका एनकाउंटर तय है। किसी भी दिन पुलिस उसका एनकाउंटर कर देगी। इसका मतलब यह नहीं है कि यूपी पुलिस के एनकाउंटर के कारण ही माफिया व अपराधी पुलिस से डरते थे, आंकड़ों के मुताबिक देखा जाए तो यूपी में योगी आदित्यनाथ के समय 200 से ज्यादा एनकाउंटर हुए हैं तो मुलायम यादव के समय तो चार सौ से ज्यादा एनकाउंटर हुए थे। इस हिसाब से योगी के समय से ज्यादा पुलिस का खौफ तो मुलायम सिंह यादव के समय होना था लेकिन ऐसा नहीं था। मुलायम सिंह यादव के समय तो अपराधियों को संरक्षण मिलने के कारण उनका आंतक बढ़ गया था। जनता अपराधियों से परेशान थी, उससे मुक्ति चाहती थी लेकिन न तो सपा के समय मुक्ति मिली न ही बसपा के समय मुक्ति मिली। जनता जैसा चाहती थी, अपराधियों के साथ वैसा तो तब हुआ जब योगी सीएम बने। उन्होंने माफिया को ऐलानिया तौर पर समाप्त करने को कहा और करके दिखाया। एक तरफ पुलिस कार्रवाई चलती रही, दूसरी तरफ योगी को बुलडोजर भी चलता रहा। दो तरफा कार्रवाई का परिणाम यह हुआ कि एक तरफ अपराधियों का आतंक खत्म होता चला गया दूसरी तरफ अपराधियों का आर्थिक साम्राज्य समाप्त होता चला गया। सरकारी जमीन पर जिस अपराधी व माफिया ने कब्जा कर मकान,दुकान व गोदाम, कांप्लेक्स बनवाया था, सब तोड़ दिया गया। यूपी में पुलिस कार्रवाई से तो अपराधियों में तो खौफ पैदा हुआ लेकिन उससे ज्यादा खौफ बुलडोजर की कार्रवाई से पैदा हुआ। माफिया व आदतन अपराधियों में बदलते वक्त के साथ यह खौफ होना जरूरी हो गया था, यूपी से शुरू हुआ सिलसिला अब कई राज्यों में शुरू हो गया है। भाजपा शासित अन्य राज्यों में अब किसी अपराधी ने अपराध किया है और उसके पहले उसने अपने आंतक के बल सरकारी जमीन पर कब्जा कर दुकान व मकान बनवाया है तो उसे तोड़ने का सिलसिला शुरू कर दिया है। अपराधियों से निपटने की योगी माडल की आलोचना करने वाले इसे बुलडोजर न्याय कहते हैं यानी सरकार जो पहले अपराधियों के खिलाफ अपने स्तर पर कुछ नहीं कर पाती थी, अब वह खुद भी बहुत कुछ करती है, छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने कुलदीप साहू के मामले में ऐसी ही कार्रवाई की है।उसके तीन अलग अलग स्थानों पर कराए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया गया और राज्य के अपराधियों व माफिया को संदेश दे दिया गया है कि अगर उन्होंने जनता के बीच किसी भी तरह से आंतक फैलाने का काम किया तो उनसे सरकार सख्ती से निपटेगी। कानूनन उसे सजा जो होनी है तो वह होगी ही, अवैध रूप से संपत्ति बनाई है तो उसको आर्थिक रूप से ऐसी सजा दी जाएगी कि पूरे परिवार को अफसोस होगा कि उसके बेटे ने यह अपराध क्यों किया।

दीपोत्सव

# भौतिक ही नहीं, आध्यात्मिक रोशनी का पर्व है दीपावली

ललित गर्ग



दीपावली एक समृद्धि, खुशहाली एवं रोशनी का लौकिक पर्व है। यह जितना भौतिक पर्व है, उतना ही आध्यात्मिक पर्व भी है, इसलिये यह केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने का पर्व भी बने। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है।

दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की। समय बह रहा है, जीवन बीत रहा है। वर्ष पर वर्ष, माह पर माह, दिन पर दिन एवं पलों पर पल बीत रहे हैं, सांसों के घट रीत रहे हैं। इन घटती सांसों को अर्थपूर्ण बनाने, सम्पूर्णता से जी लेने एवं उपयोगी करने का पर्व है दीपावली। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परंतु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है। अपेक्षा है उसका सम्यक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें। उजालों का स्वागत करें।

दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। चांद से रीती इस रात का हर पक्ष उजला है। अमावस कहकर कोई याद नहीं रखता इसे। इसमें इतना उजास जो है। कहते हैं सूनी राह पर, अकेले द्वार पर, कुएं की तन्हा मेड़ पर और उजाड़ तक में दीप रखने चाहिए। कोई भूले-भटके भी कहीं किसी राह पर निकले, तो उसे अंधेरा न मिले। इस रात हरेक के लिए उजाले जुटा दिए जाते हैं। अब उजालों के इस अपूर्व एवं अलौकिक पर्व की जगर-मगर में दीपों की माटी कम और लट्टूओं वाली बिजली एवं पटाखों का प्रदूषण अधिक है। वक्त के साथ खुशियों का अहसास तो नहीं बदलता, पर उसकी आमद के जरिए अलग हो जाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का। इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।



जीवन का वास्तविक उजाला लिबास नहीं है, भोजन नहीं है, भाषा नहीं है और उसकी साधन-सुविधाएं भी नहीं हैं। वास्तविक उजाला तो मनुष्य में व्याप्त उसके आत्मिक गुणों क महक ही है, जो मानवीय बनाते हैं, जिन्हें संवेदना और करुणा के रूप में, दया, सेवा-भावना, परोपकार के रूप में हम देखते हैं। असल में यही गुणवत्ता उजालों की बुनियाद है, नींव हैं जिसपर खड़े होकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाता है। जिनमें इन गुणों की उपस्थिति होती है उनकी गरिमा चिरंजीवी रहती है। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है।

दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है।

शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- ह्यअगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो।ह्व शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, सफलता का प्रतीत है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- ह्वसदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्दह्व, ह्वघट-घट दीप जलेह्व, ह्वदीये की लौ सूरज से मिल जायेह्व।

जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है। वह प्रतीक है हमारी वैयक्तिक दुर्बलताओं का, अपाहिज सपनों और संकल्पों का। निराश, निष्क्रिय, निरुद्देश्य जीवन शैली का। स्वीकृत अर्थशून्य सोच का। जीवन मूल्यों के प्रति टूटती निष्ठा का। विधायक चिन्तन, कर्म और आचरण के अभाव का। अब तक उजालों ने ही मनुष्य को अंधेरों से मुक्ति दी है, इन्हीं उजालों के बल पर उसने ज्ञान को अनुभूत किया अर्थात सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन में उतारा। यही कारण है कि उसकी हस्ति आजतक नहीं मिटी। उसकी दृष्टि में गुण कोरा ज्ञान नहीं है, गुण कोरा आचरण नहीं है। दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है।

हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है। इसी से गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है-ह्यपरहित सरिस धरम नहीं भाईह्व। स्मरण रहे कि यही उजालों को नमन है और यही उजाला हमारी जीवन की सार्थकता है। जो सच है, जो सही है उसे सिर्फ आंख मूंदकर मान नहीं लेना चाहिए। खुली आंखों से देखना एवं परखना भी चाहिए। प्रमाद टूटता है तब व्यक्ति में प्रतिरोधात्मक शक्ति जागती है। वह बुराइयों को विराम देता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**- आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनमें खुशी और आत्मबल बढ़ेगा। ऑफिस में अपने उचित कार्य प्रणाली से दूसरों के समक्ष सराहना का पात्र बनेंगे।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता ना हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा। आज आपकी हेल्थ फिट रहेगी। घर में सुख-सौभाग्य बना रहेगा। जीवनसाथी को आज आप उनके मनपसंद उपहार देंगें, इससे उनको बेहद प्रसन्नता होगी।

**मिथुन राशि**-आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से रिलेटेड कोई यादगार प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। बॉस को आज आपसे काफी उम्मीदें रहेंगी। पदोन्नती का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। आज आपकी तरक्की सुनिश्चित होगी।

**कर्क राशि**-आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फ्रूट्स खाएं। पिता बच्चों के साथ गेम्स खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज दांपत्य जीवन में पहले से चल रही अनबन समाप्त होगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य आसानी से पूरे होंगे।

**सिंह राशि**-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जोकि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे। आज आप अपने आत्मविश्वास की कमी महसूस कर सकते हैं।

**कन्या राशि**-आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में भी समय बीत सकता है। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श कर सकते है। फीजूल की बातों से बचने की कोशिश करें, आवश्यकता पड़ने पर ही बोलें। आपको घर में भाई-बहन का सहयोग प्राप्त होगा, परिवार में सुख शांति बनी रहेंगी।

**तुला राशि**-आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यो को सीखने का करेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन ठीक रहेगा।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ खास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगें। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगें जिससें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनकी आज समाज में काफी प्रशंसा होगी। परिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पिता की राय अपके भविष्य के लिए फायदेमंद

**धनु राशि**-कई दिनों से चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार के लोगों से मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। व्यापार को बढ़ाने के नये तरीके आपके सामने आयेंगें। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि**-आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाए आज घर के कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद उपहार दे सकते हैं । आज कोई भी फैसला सोचङ्कसमझकर लें। किसी काम में जल्दवाजी करने से आपको बचना चाहिए। स्वास्थ पर आज आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

**कुंभ राशि**-आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा।

**मीन राशि**-आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम इमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासील होगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग है।

# दीपों की पवित्र रोशनी से दीप्त वैश्विक दीपावली पर्व

संजीव ठाकुर



यह तो सर्व-विदित है कि भारत त्योहारों तथा पर्वों का सर्वकालिक महान देश है। देश में हर त्यौहार बडे ही उत्साह उमंग और खुशियों के साथ मनाया जाता है।समाज और संस्कृति में दीपावली पर्व का सर्वाधिक जनप्रिय महत्व है। भारत देश से लेकर फ्रांस,अमेरिका,ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा,स्वीटजरलैंड,चीन और जापान एवं अन्य यूरोपीय देशों जहां भी भारतवंशी निवासरत हैं में इस त्यौहार को बहुत ही श्रद्धा एवं संस्कारों के साथ मनाया जाता है। दीपावली त्यौहार के लिए तो यहां तक की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस को भारतवंशियों तथा अमेरिकी नागरिकों के लिए दीपावली त्यौहार मनाने हेतु खोल दिया है और यह कहा भी की व्हाइट हाउस जनता का ही है और दीपावली त्यौहार मनाने के लिए विशेष रूप से खोला दिया गया है। ग्रेट ब्रिटेन में तो दीपावली त्योहार भारत की तरह बड़े ही जगमग तरीके से एवं उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।

कार्तिक अमावस्या के दिन अनगिनत दीप मालाओं से अमावस्या के घोर अंधकार को शरद पूर्णिमा में परिवर्तित करने वाला यह पवित्र त्यौहार दीपावली जनमानस द्वारा अंतर मन से मनाया जाता है । पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री राम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात सीता जी एवं लक्ष्मण जी को लेकर इसी दिन अयोध्या नगरी लौटे थे। तत्पश्चात इन सुखद पलों में अयोध्या वासियों ने उनके स्वागत के लिए समस्त अयोध्या राज्य में घी के दीपक जलाकर उनका भव्य स्वागत किया था पूरे राज्य में खुशियों के कारण मिठाइयों का वितरण भी किया था और तब से यह त्यौहार श्री राम प्रभु द्वारा रावण वध के पश्चात विजई आगमन के सौभाग्यशाली प्रतीक के रूप में बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जाता है अन्य कथा के अनुसार इसी दिवस पर सागर मंथन होने पर देवी लक्ष्मी जी का आविर्भाव हुआ था अतः इस दिवस पर लक्ष्मी जी का पूजन बड़ी श्रद्धा,उत्साह एवं भव्य तरीके से किया जाता है। जनमानस पूरी रात दूसरों के आगमन की आशा तथा प्रतीक्षा में दीप जलाकर घर के द्वार खुले लगते हैं।दीपावली का त्यौहार व्यापारी वर्ग के लिए अत्यंत पवित्र एवं विशेष माना जाता है वह अपने संपूर्ण वर्ष का हिसाब किताब साफ वह स्वच्छ करके नए बही खातों को सृजित करने का कार्य भी करते हैं। वर्तमान संदर्भ में यह त्योहार इसीलिए भी लोकप्रिय है कि आर्य समाज के महान प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाण भी इसी दिन हुआ था अतः आर्य समाज के प्रवर्तक भी इस पर्व को अत्यंत पवित्र एवं शुभ मानते हैं इसी तरह जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी का निर्वाण भी इसी पवित्र दिन में हुआ था इस तरह सर्व जैन समाज दिवाली के इस त्यौहार को संपूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाता है। दीपावली में घरों की स्वच्छता के साथ-साथ साफ सफाई के कारण कीट,पतंगे,कीड़े-मकोडों की साफ सफाई हो जाती हैं और बाजारों में रौनक छा जाती है। कपड़ों से लेकर मिठाईयां,स्वर्ण आभूषणों की दुकानों में मानस की भीड़ एकत्र होने लगती है और धनतेरस तथा दिवाली के समय करोड़ों-अरबों रुपयों का व्यापार व्यवसाय भी फलीभूत होता है जिससे देश की इकोनॉमी में बहुत ज्यादा मुनाफा होने की संभावना बन जाती है। वैसे यह माना जाता है कि दीपावली स्वच्छता का पर्याय पर्व भी है। शारीरिक तथा घरों की स्वच्छता के साथ-साथ मन में बसे लालच विकार को भी दीपों की पवित्र लौ से हटाया जाता है एवं ज्ञान के अंधकार को भी दीपावली के दीपों की पवित्र रोशनी से ज्ञान के उजालों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया भी की जाती है। दीपावली के दीपों के साथ ज्ञान का उजाला भी देश के साथ समूचे विश्व में विस्तारित होता दिखाई देता है।

इस संदर्भ में मैंने चार पंक्तियां लिखी हैं-

आओ ज्ञान का दीप जलाएं<br>
अज्ञानता के घनघोर तमस में,<br>
ज्ञान के सहस्त्र दीप जलाएं<br>
दूर करें अंधियारा जगत से,<br>
निराशा मन-मस्तिष्क से,<br>
आओ एक ज्ञान का दीप जलाएं।

इस तरह देश तथा संपूर्ण जगत की समृद्धि एवं विकास के इस त्यौहार को वैश्विक स्तर पर बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। भारतीय जनमानस के लिये तो यह पर्व बहु-प्रतीक्षित उत्साहवर्धक एवं ऊजार्वान प्रमाणित माना जाता है। वैसे भी दीपावली को त्यौहार नहीं मानवीय जीवन के विकास, उल्लास, खुशी तथा आनंद का पवित्र प्रतीक माना जाता है।

सभी देशवाशियों को दीपावली की अनंत बधाइयां, विशेष शुभकामनाएं।

गंभीर मुद्दा

# क्या अब हमारे आदर्श हत्यारे, बलात्कारी व गुंडे मवाली हैं ?

निर्मल रानी



सदियों से हमारे देश में यह ज्ञान बांटा जाता रहा है कि किसी जमाने में भारत 'विश्व गुरु' हुआ करता था। पिछले एक दशक से फिर यही चर्चा बलवती हो चुकी है कि भारत एक बार पुनः विश्व गुरु की राह पर अग्रसर है। बकौल प्रसिद्ध व्यंगकार सम्पत सरल, 'हमारा भारत विश्व गुरु बनने के 'आउटर' पर खड़ा हुआ है'। परन्तु हमारा देश पहले जब कभी विश्वगुरु रहा होगा और अब जबकि एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की तैय्यारी में है, इस समय अंतराल में हम एक बहुत बड़ा अंतर भी देख रहे हैं। पहले जब कभी हमारे पूर्वज 'विश्वगुरु भारत' में सांस ले रहे होंगे उस समय हमारे आदर्श, हमारे प्रेरणास्त्रोत हमारे मार्गदर्शक निश्चित रूप से ऐसे अनेक महापुरुष भी रहे होंगे जो हमें आदर्श जीवन व्यतीत करने,चरित्रवान बनने,मानवीय मूल्यों का पालन करने,सद्भाव,सहयोग,सहायता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में ढालने की प्रेरणा देते रहे होंगे। हमारे अनेक धार्मिक ग्रंथ इस तरह की धार्मिक,सामाजिक व मानवीय शिक्षाओं व निदेर्शों से भी भरे पड़े हैं। हमारे देश का इतिहास ऐसे एक से बढ़कर एक बलिदानियों,त्यागियों,तपस्वियों,ऋषियों मुनियों संतों व पीरों फकीरों व आदर्श पुरुषों से पटा पड़ा है जिन्होंने अपने आचरण से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का मार्ग दर्शन किया है।

परन्तु आज पुनः जब यह चर्चा चलती है कि 'भारत एक बार फिर से विश्व गुरु होने जा रहा है' ठीक उसी समय जब हम 'विश्व गुरु पार्ट 2' के दौर के अपने आज के आदर्शों,प्रेरणास्त्रोतों और मार्ग दर्शकों पर भी नजर डालते हैं तो हमें कुछ और ही दृश्य दिखाई देता है। आज के दौर में पहले जैसे प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों की तो खैर कल्पना ही नहीं की जा सकती परन्तु उससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग खासकर युवा वर्ग ऐसे लोगों को अपना आदर्श मांनने लगा है या ऐसे लोगों से प्रेरित हो रहा है जो अपराधी हैं,हत्यारे व बलात्कारी हैं,गुंडे और मवाली प्रवृति के लोग हैं। और इससे भी बड़ा दुर्भाग्य यह है कि अब समाज द्वारा किसी की अच्छाई बुराई या उसके पक्ष अथवा विपक्ष में खड़े होने या बोलने का निर्णय उसके धर्म सम्प्रदाय व जाति के अनुसार किया जाने लगा है।



गत एक दशक में भारत में ऐसी सैकड़ों मिसालें देखने को मिल जाएँगी जिसमें न केवल बड़ी भीड़ द्वारा बल्कि सत्ता के संरक्षण तक में हत्यारों का महिमामंडन किया गया है ।बलात्कारियों,सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को मान सम्मान दिया गया है। कहीं राज्यों द्वारा सरकारी स्तर पर ऐसे अपराधियों को जेल से रिहाई दिलाई गयी। सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को रिहा करने की गरज से सरकार द्वारा ऐसे अपराधियों को 'चरित्रवान ' होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। कहीं अपने राजनैतिक हित साधने के लिये बलात्कार व सामूहिक हत्या के ऐसे ही दोषी को जरुरत से ज्यादा बार जेल से पेरोल पर रिहा किया गया। हद तो यह है कि केवल धर्म के आधार पर जम्मू कश्मीर में कठुआ की एक आठ साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंकने वाले लोगों के समर्थन में जम्मू कश्मीर सरकार के मंत्री व विधायक व पार्टी कार्यकर्त्ता तक जुलूस निकालते,धरना देते व तिरंगा यात्रा तक निकालते दिखाई दिये।

अब इन दिनों इसी अपराध पूर्ण प्रवृति में एक नया ट्रेंड दिखाई देने लगा है। पेशेवर अपराधियों व सरगनाओं व गैंगस्टर का भी महिमामंडन किया जाने लगा है। जो अपराधी भारत से लेकर विदेशों तक जबरन पैसे वसूली के रैकेट चला रहे हैं वे अपने धर्म या जाति का चोला ओढ़कर स्वयं को अपने समाज के आदर्श पुरुष व प्रेरणास्त्रोत के रूप में स्थापित करने लगे हैं। और मजे की बात तो यह है कि ऐसे अपराधियों को उनसे सम्बंधित समाज का ही नहीं बल्कि राजनीतिज्ञों का भी समर्थन हासिल हो रहा है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई है बल्कि मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिये साम्प्रदायिक व जातिवादी ताकतों द्वारा धीरे धीरे देश में ऐसा माहौल पैदा किया जा चुका है कि महापुरुषों के अभाव के वर्तमान दौर में आज हत्यारे बलात्कारी गुंडे व मवाली किस्म के लोगों को ही लोगअपना आदर्श मानने लगे हैं। साफ शब्दों में उनका चरित्र उनके अपराध से नहीं बल्कि उनके धर्म व जाति से तय किया जाने लगा है।

वैसे सच पूछिए तो यह स्थिति भारत में एक न एक दिन पैदा होनी ही थी। क्योंकि जब महात्मा गांधी के रूप में आजाद भारत में पहली राजनैतिक हत्या नाथू राम गोडसे द्वारा की गयी उसी समय से एक वर्ग विशेष गोडसे के समर्थन में भी खड़ा हो गया था। और उसी विचारधारा व मानसिकता के लोग आज तक गांधी को अपमानित करते व हत्यारे गोडसे का महिमामंडन करते आ रहे हैं। जाहिर है किसी अपराधी व हत्यारे के महिमांडन की प्रवृति ने यही रूप लेना था जो आज हमें दिखाई दे रहा है। चाहे वह कठुआ में 8 वर्षीय आसिफा के बलात्कारी व हत्यारे हों या राजस्थान का हत्यारा शम्भू रैगर, चाहे वे गुजरात में बिल्कीस बानो व उनके परिवार के हत्यारे व सामूहिक बलात्कारी हों या बनारस विश्वविद्यालय के बलात्कारी आई टी सेल के लोग या फिर इन जैसे और सैकड़ों उदाहरण,और अब पैसा वसूली करने वाले गैंगस्टर्स का किया जाने वाला महिमामंडन,निश्चित रूप से यह मिसालें हमें यह सोचने के लिए मजबूर करती हैं कि क्या अब हमारे आदर्श, हत्यारे बलात्कारी गुंडे मवाली व गैंगस्टर्स ही रह गये हैं ? और क्या भारत अब इन्हीं से प्रेरणा लेकर विश्वगुरु पार्ट 2 बनने की तैयारी कर रहा है ?

**एक नजर**

## अनियमितता और विकास कार्यों में लापरवाही के मामले में बंबूरडीह सरपंच को पद से हटाया गया

**महासमुंद, 30 अक्टूबर।** महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंबूरडीह में वित्तीय अनियमितताओं और विकास कार्यों में लापरवाही के मामले में सरपंच शत्रुघन चेलक को उनके पद से हटा दिया गया है। जांच में कई गंभीर खामियां सामने आने के बाद न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद द्वारा यह कार्रवाई की गई है। जनपद पंचायत महासमुंद के पत्र के आधार पर परीक्षण पश्चात पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत यह कार्रवाई की गई।

जारी आदेश में बताया गया है कि जनपद पंचायत महासमुंद द्वारा किए गए अभिलेखीय परीक्षण में पता चला कि ग्राम पंचायत बंबूरडीह में वर्ष 2019-20 और 2023-24 की कई योजनाओं के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य आज तक अधूरे पड़े हैं। इनमें अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रीवाल, सीसी रोड और स्वागत गेट का निर्माण शामिल हैं। हालांकि, इन योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का आहरण पहले ही कर लिया गया था।

जांच में 16,94,644 के व्यय का विवरण पाया गया, लेकिन संबंधित बिल और वाउचर पेश नहीं किए गए। यह भी सामने आया कि कई महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावों पर सचिव और सरपंच के हस्ताक्षर नहीं थे। बिना पंचायत के प्रस्ताव पारित किए ही कई योजनाओं में धनराशि का उपयोग किया गया। सरपंच ने अपने जवाब में दावा किया कि निर्माण कार्य बरसात के कारण रुका है, लेकिन जांच अधिकारी इसे संतोषजनक नहीं मान सके। प्रतिवेदन के अनुसार, सरपंच ने बिना उचित निरीक्षण और प्रस्ताव के धनराशि आहरित कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की ारा 40 (क) और (ख)'के अंतर्गत जांच टीम ने सरपंच शत्रुघन चेलक के इस कृत्य को लोकहित के विरुद्ध माना और उन्हें उनके पद से हटाने का निर्णय लिया। यह आदेश 28 अक्टूबर 2024 को न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा पारित किया गया है।

## विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन 15 नवंबर तक

**सुकमा, 30 अक्टूबर।** सत्र 2024-25 से विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना को छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन आमंत्रित की जा रही है। आवेदन हेतु कक्षा 11 वीं व 12वीं के पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन व सत्यापन हेतु 25 अक्टूबर 2024 से लिंक व पोर्टल से आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2024 को तक निर्धारित की गई है। आवेदन करने हेतु कक्षा 11वीं एवं 12वीं में विज्ञान (मैथेमेटिक्स व बॉयोलाजी) संकाय के पात्र विद्यार्थियों का आवेदन स्कूल लॉगिन से किया जाएगा। विद्यार्थी के कक्षा 10वीं के रोल नंबर के माध्यम से पंजीयन किया जा सकेगा। योजना के तहत कक्षा 10वीं/ 11वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण विद्यार्थी ही पात्र होंगे साथ ही दिव्यांग विद्यार्थी हेतु 10 प्रतिशत की छूट रहेगी। केवल विज्ञान वर्ग (मैथेमेटिक्स व बॉयोलाजी) संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। लाभार्थी के बैंक खाते से संबंधित जानकारी दर्ज करना होगा। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (नेशनल टेलेंट सर्ज इग्जाम ) में चयन हुये विद्यार्थी इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे। सभी जानकारी अंग्रेजी के बडे अक्षरो में भरा जाना अनिवार्य होगा।

## पीएम विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**बीजापुर, 30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के पीएम श्री विद्यालय के छात्र/छात्राओं के लिए विधा -1, विद्या वैभव ओलपियाड, मंथन मंडल, वाद-विवाद क्लब, डिजिटल क्वेस्ट और डिस्कवर एंड लोकल साइट्स गतिविधियों का जिला स्तरीय आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजक जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 23 अक्टुबर 2024 को कन्या पोर्टा केबिन पीएम श्री बीजापुर में आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विधानुसार 100 छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विधाओं में भाग लेकर प्रतिनिधित्व किया गया। जिनमें से 54 विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार वितरण किया गया है।

पीएम श्री स्कूलों के विकास और छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। संबंधित विधाओं के निर्णायकों द्वारा विधिवत आयोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री कमल झाडी एवं अरूण सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर के द्वारा सभी खिलाड़ियों को विधाओं के प्रति प्रोत्साहित करते हुए पीएम श्री विद्यालयों के महत्व उनके विकास एवं छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा प्रदान करे लिए संबोधित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिया गया।इस अवसर पर श्री रमेश कुमार निषाद जिला शिक्षा अधिकारी, श्री मनोज कावटी जिला पीएम श्री नोडल अधिकारी, श्री डी, सुब्बैया सहायक जिला खेल अधिकारी एवं समस्त पीएम श्री स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 229-बटालियन मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता की शपथ दिलाई गई





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अक्टूबर।** 229 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बीजापुर (छत्तीसगढ़) में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ दिनांक 29/10/2024 को मनाया गया। इस अवसर पर चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट-229, द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की इतिहास एवं भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान व उनके द्वारा अर्जित उपलब्धियों के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही क्राउन रिप्रजेनटेटीव पुलिस से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तक का सफर में सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान से भी अवगत कराया गया तथा सभी सदस्यों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई एवं शपथ के प्रत्येक शब्दों को अपने जीवन शैली में अपनाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त चन्दम बॉबी सिंह द्वारा इस अवसर पर वाहिनी में रन फोर यूनिटी का भी आयोजन किया गया जिनमें बीजापुर स्कूल के छात्र-छात्राओं, वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने जोश के साथ भाग लिया इस अवसर पर में 229 वाहिनी के कमाण्डेंट चन्दम बॉबी सिंह के साथ श्री मुखत्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. गोतपगार परेश शरत, चिकित्सा अधिकारी, प्रकाश चन्द राय, सहायक कमाण्डेंट के साथ साथ सभी अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान शामिल हुए।

# कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में ली बैठक



**सुकमा, 30 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी 5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में राज्योत्सव के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि राज्योत्सव के अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं पर रेखांकित प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाने सहित जनसामान्य को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को राज्योत्सव के लिए पृथक-पृथक दायित्व सौंपा। उन्होंने पेयजल की व्यवस्था, साज-सज्जा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पंडाल, मंच संचालन, आमंत्रण कार्ड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि, उद्यानिकी, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनसंपर्क, आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभागों को स्टॉल लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कार्यक्रम गरिमामयपूर्ण हो, स्थानीय पारंपरिक कलाकृति की प्रदर्शनी, रंगोली एवं साज-सज्जा के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली बच्चों के समूह नृत्य, लोक नृत्य, लोकगीत जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर, एडिशनल एसपी श्री अभिषेक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे

## दो गांवों में जिओ मोबाइल टावर प्रारंभ

**बीजापुर, 30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम कावड़गांव एवं मुतवेन्डी के ग्रामीणों को दीपावली पर मिला सौगात, दोनों गांव में जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ, संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम कावड़गांव और मुतवेन्डी में दीपावली पर्व के अवसर पर संचार सुविधा का विस्तार करते हुए जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ किया गया है। इस नई पहल से अब इन ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, जिससे संचार सुविधाओं में अत्यधिक सुधार हुआ है।पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से इन क्षेत्रों में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है।

# 5 नवम्बर के राज्योत्सव की तैयारी के लिए नामजद अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर, 30 अक्टूबर।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने 5 नवंबर को आयोजित होने राज्योत्सव गरिमामय ढंग से आयोजित करने नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

राज्योत्सव के दौरान बिजली, पानी, टेंट, साफ-सफाई एवं सुरक्षा संबंधी विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत 50 बिन्दुओं का सर्वे कार्य एवं डैशबोर्ड पर एंट्री की कार्यवाही जल्द पूर्ण करने जन्म के साथ प्रदाय की जाने वाली जाति प्रमाण पत्र सहित आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड में नाम प्रतिष्टि के कार्यो को गति लाने सहित स्थानीय स्तर पर गांवो में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए। ताकि सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीणों को भी आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए गर्भवती माता का प्रसव के दौरान अस्पताल में भर्ती होते समय सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर अस्पताल पहुंचे ताकि जन्म के बाद नवजात शिशु का सभी आवश्यक दस्तावेज बिना किसी विलंब के निर्धारित समय पर बनना सुनिश्चित हो सके।प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पूर्ण आवासों का दीपावली पर्व पर गृह प्रवेश कराने,



चिन्हांकित स्कूली बच्चों जिनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है। शिक्षा एवं राजस्व विभाग द्वारा आपसी समन्वय के माध्यम से जल्द सभी पात्र विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनवाएं।स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक निःशुल्क ईलाज के बारे में गावों में दीवार लेखन कराने अन्य सीमावर्ती राज्य तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश एवं विशाखापटनम के आयुष्मान इंक्पैनल्ड हास्पिटल की जानकारी जिले वासियों को देने ताकि निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ सुगमतापूर्वक हो सके आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आवासीय संस्थानों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्रो का उपयोग संबंधी डेमोस्ट्रेशन कराने, जिले के सुदूर क्षेत्र पामेड़ का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने सहित बस्तर ओलंपिक का प्राथमिकता के साथ आयोजन करने विभिन्न स्तर के आयोजन हेतु व्यापक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ श्री रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम एवं ब्लाक स्तर के अधिकारीगण वर्चुअली शामिल हुए।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी में लोग उत्साह से दौड़े





**बीजापुर 30 अक्टूबर ।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ में जिले के पुलिस जवान, स्कूली विद्यार्थी, जनप्रतिनिधी अधिकारी-कर्मचारी एवं जन सामान्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण एकता दौड़ में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित जन समूह को एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई, एकता दौड़ सांस्कृतिक भवन बीजापुर मैदान से शुरू होकर सर्किट हाऊस स्थित शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल एवं वीर शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने एकता दौड़ में शामिल लोगों का स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर उन्हे स्मरण करते हुए एकता का संदेश देने एकता दौड़ आयोजित किए जाते हैं किन्तु दीपावली पर्व होने के कारण आज 29 अक्टूबर को एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करते हुए भारत की एकता और अखंडता के लिए दिए गए योगदान के बारे में बताया।इस दौरान एडिशनल एसपी श्री चन्द्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, पुलिस के जवान, जनप्रतिनिधि एवं जन सामान्य उपस्थित थे।

## भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण अतिशीघ्र हो:बसंत राव ताटी

**भोपालपटनम, 30 अक्टूबर।** क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने में हो रहे विलंब के कारण यात्रियों को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है नगर के हृदय स्थल में बना वर्तमान बस स्टैंड अत्यंत छोटा होने के कारण यात्री बसों के साथ-साथ टैक्सी वाहनों के पार्किंग करने में भी चालकों को भारी परेशानी हो रही है। ताटी ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय भोपालपटनम प्रवास के दौरान अंतर्राज्यीय बस स्टैंड की घोषणा की थी कांग्रेस के शासनकाल में बस स्टैंड हेतु भूमि का चयन कर लिया गया था लेकिन उक्त भूमि वन विभाग की होने के कारण भोपालपटनम नगर पंचायत ने भूमि अधिग्रहण की सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया है किंतु वन विभाग की अड़ियल रवैया के चलते भूमि का हस्तांतरण नगर पंचायत को आज पर्यंत नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि शासन की उदासीनता के कारण अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण कार्य की प्रशासकी स्वीकृति न मिलने से नगर वासियो में मायूसी देखी जा रही है ताटी ने यह भी कहा कि तेलंगाना एवं महाराष्ट्र राज्य सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश की सैकड़ो यात्री बस एवं टैक्सियो का प्रतिदिन भोपालपटनम आना-जाना होता है लेकिन इन वाहनों के लिए पर्याप्त जगह न होने से चालकों को काफी असुविधा होने के साथ-साथ यात्रियों को भी वाहनों की प्रतीक्षा में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे सदैव दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है जिला पंचायत सदस्य ताटी ने भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण अतिशीघ्र कराने की मांग की है।



## कमिश्नर ने आवारा एवं घुमंतू पशुओं के नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की



**जगदलपुर-सुकमा, 30 अक्टूबर।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण हेतु जिलों में की गई कार्यवाही की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण के लिए हाईकोर्ट के निर्देशानुसार कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के कितने स्थानों का चिन्हाकंन किया गया है, जिले में कितने पशुओं में रेडियम पट्टी लगाया गया है, सड़क के किनारे समतल एवं सूखे कितने स्थान का चिन्हांकन किया गया है, घुमन्तुक पशुओं के मालिकों को समाझाईश के लिए कितने समिति का गठन किया गया है, कितने जन चौपाल के माध्यम से पशु मालिकों को समझाईस दी गई है, नोडल अधिकारी के नाम उनके संपर्क नम्बर एवं हेल्पलाईन का नम्बर जारी करने, घुमन्तुक पशुओं के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कितने-कितने कांजी हाऊस की व्यवस्था की गई है, जिलें में गौशाला की संख्या एवं पशु रखे जाने की क्षमता, गौ-अभ्यारण, जिले में उपलब्ध काउ केचर की स्थिति, ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से पशु मालिकों को जागरूकता के लिए समझाईश, अर्थदण्ड की कितनी राशि वसूल की गई और पशुओं के कारण दुर्घटना की स्थिति की समीक्षा की गई। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और प्रभारी अधिकारियों ने जिलों में की गई कार्यवाही से अवगत करवाया। कमिश्नर ने कहा कि फसल कटाई के बाद पशुओं को मैदान में छोड़ने की संभावना है उसके लिए भी आवश्यक तैयारी रखें। उन्होंने आवारा पशुओं के नियंत्रण हेतु समय-सीमा की बैठक में भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही समतल स्थल में लाईट की व्यवस्था करने तथा पशु उपचार हेतु संचालित गाड़ी को चिन्हाकित स्थल पर जाकर पशुओं का स्वास्थ्य जांच करने कहा। कमिश्नर ने जिलों में आवारा पशुओं के नियंत्रण हेतु अच्छे काम करने वाले पंचायतों को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मानित किए जाने कहा। आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण के लिए स्थाई समाधान की पहल करते हुए कांजी हाऊस की क्षमता बढ़ाने और प्राईवेट संस्था के गौ-शाला संचालकों से सम्पर्क कर पशु नियंत्रण पर जिलों में काम करवाने के लिए कार्य करें। गौ अभ्यारण के लिए जमीन चिन्हाकन कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें। काऊ केचर की संख्या बढ़ाया जाए ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय कर दुर्घटना जन्य क्षेत्र का चिन्हाकन करें। कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में बस्तर ओलम्पिक में अंदरूनी क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े साथ ही क्लस्टर लेवल पर खेल गतिविधियों में सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने कहा। कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी सहित सभी प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधी को आमंत्रित किया जाए। इस अवसर पर वीसी के माध्यम से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी जुड़े थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन



**सुकमा, 30 अक्टूबर।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर ÷रन फॉर यूनिटी÷ के दल को जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उत्साह एवं उल्लास के साथ छात्र-छात्राओं, युवाओं, खिलाडियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और नागरिकों ने दौड़ लगाई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित रन फॉर यूनिटी मंगलवार को जिला मुख्यालय सुकमा के गादीरास चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैंड सुकमा में समाप्त हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने कहा कि दीपावली के दृष्टिगत दो दिन पहले राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का आग्रह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल इरादे में दृढ़ थे। देश के सभी रियासतों को एकीकृत कर भारत निर्माण का कार्य उन्होंने किया। हम सभी को देश को एक और अखण्ड बनाकर रखना है तथा हमारे लिए देश प्रथम होना चाहिए। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी से सभी को अवगत होना चाहिए तथा उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को जानना चाहिए। उन्होंने सभी को राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने संकल्प दिलाई। इस दौरान 9 वें आयुर्वेद दिवस और धन्वंतरि जयंती के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य का स्टॉल का अतिथियों ने शुभारंभ किया और स्टॉल का जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने अवलोकन किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा आधिकारियों-कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री विश्वराज सिंह चौहान एवं अन्य जनप्रतिनिधि और अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री शरत चंद शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, युवा, खिलाड़ी, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला खेल अधिकारी श्री वीरूपाक्ष पुराणिक ने किया।

## एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ



**बचेली, 30 अक्टूबर।** एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रारंभ 28.10.2024 को हुआ । जिसके तहत एनएमडीसी के प्रशासनिक भवन प्रांगण में और विभिन्न कार्यस्थलों पर कर्मचारियों,अधिकारियों एवं ठेका श्रमिकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष सतर्कता जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस वर्ष की विषय वस्तु केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि घोषित की गई है। इस बार यह सप्ताह 28.10.2024 से 03.11.2024 तक मनाया जा रहा है । इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारी, शिक्षकगण, अपोलो स्टाफ, सीआईएसएफ और बच्चे प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होंगे। इस बार केन्द्रीय सतर्कता आयोग के द्वारा सभी नागरिको को ई-प्लेज लेने के लिए आव्हान किया गया जिसमें सभी नागरिक https://pledge.cvc.nic.in वेब साईट में जाकर ई-प्लेज ले सकते हैं और ई-प्लेज लेने का प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते है।

## समस्त क्षेत्रवासियों को



दीपावली भाईदूज की हार्दिक बधाई

**महासमुन्द,राईस मील्स एसोसिएशन, महासमुन्द**

जिला महासमुन्द (छ.ग.) 493445

| महेन्द्र गुप्ता | पारस चोपड़ा | विनय अग्रवाल/ लक्ष्मण पटेल |
|---|---|---|
| संरक्षक | अध्यक्ष | उपाध्यक्ष |
| तिलोकचंद सांखला | नीरव बरड़िया | इंदर मित्तल |
| सचिव | सहसचिव | कोषाध्यक्ष |

| क्रं. | मिल का नाम | पता | संचालक का नाम | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री चोपड़ा ट्रेडिंग कंपनी | बेमचा | पारस चोपड़ा/प्रशांत चोपड़ा | 9425215951/9826915551 |
| 2 | श्री उत्तम अक्षत उद्योग | बेमचा | राहुल चंद्राकर/हर्ष चंद्राकर | 9425504536/9424204536 |
| 3 | श्री एन. आर. फुड्स | बेमचा | धीरज लूनिया | 9424204329 |
| 4 | श्री खेतावत राईस इण्डस्ट्रीज | कांपा | वरूण खेतावत | 9669003500 |
| 5 | श्री बालाजी इण्डस्ट्रीज | झलप | सुरेश जिन्दल/मनोज जिन्दल | 8817427772/9753119619 |
| 6 | श्री सालासर बाला जी फूड | भलेसर रोड | विकास अग्रवाल/विनय अग्रवाल | 9425506212/9425506388 |
| 7 | श्री कमल राईस मील | भलेसर रोड | नीरव जैन/नमन जैन | 9424242942/8435802516 |
| 8 | श्री गुलाब ट्रेडर्स | लभरा खुर्द | तिलोकचंद सांखला/इंदर मित्तल | 9425506141/9425206002 |
| 9 | श्री प्रशांत राईस मील | लभरा खुर्द | सतीश चोपड़ा/राजा चोपड़ा | 8770018083/9425213930 |
| 10 | श्री माण्डोली राईस मील | लभरा खुर्द | निर्मल चौरड़िया/प्रतीक चौरड़िया | 9425216065/8889858888 |
| 11 | श्री नाकोड़ा राईस इण्डस्ट्रीज | मोंगरा | मनोज पींचा/मनन पींचा | 9425204458/9579877443 |
| 12 | श्री आदिश्वर राईस मील | मोंगरा | जय चोपड़ा | 9425204459 |
| 13 | श्री ए. एस. एग्रीपेड | शेर | सन्नी लूनिया | 9669908000 |
| 14 | श्री शांति विजय एग्रोटेक | बोरियाझर | संतोष जैन/मुकेश चौरड़िया | 9424206337/9425204061 |
| 15 | श्री नवकार इण्डस्ट्रीज | शेर | शैलेन्द्र चोपड़ा | 9425215943 |
| 16 | श्री आदित्य राईस मील | शेर | अमृत चोपड़ा/डॉ. आदित्य चोपड़ा | 9425215953/7999867815 |
| 17 | श्री एन. एल. राईस इण्डट्रीज | घोड़ारी | दीपक जैन | 9691596452 |
| 18 | श्री गुरूतेग बहादुर राईस मिल | सिरगिड़ी | सन्नी लूनिया | 9669908000 |
| 19 | श्री राम इण्डस्ट्रीज | कोसरंगी | महेन्द्र गुप्ता | 8435137520 |
| 20 | श्री भगवनश्री इण्डस्ट्रीज | कोसरंगी | शिव कुमार अग्रवाल | 9753366990 |
| 21 | श्री शंखेश्वर राईस मिल | झालखम्हरिया | सुशील बोथरा/निर्मल बोथरा | 9425215956/7869452111 |
| 22 | श्री सिद्धीविनायक ट्रेडिंग कंपनी | खरोरा | लोकेश चन्द्राकर | 9406201886 |
| 23 | श्री बालाजी इण्डस्ट्रीज यूनिट 2 | परसदा | सुरेश जिन्दल/मनोज जिन्दल | 8817427772/7000559635 |
| 24 | श्री पतईमाता राईस मील | पटेवा | लक्ष्मण पटेल | 9907979777 |
| 25 | श्री एन. एल. राईस इण्डट्रीज | महासमुन्द | अक्षत गोयल | 9575809000 |
| 26 | श्री मारूती एग्रो इण्डस्ट्रीज | तुमगांव | धीरज केडिया | 8917408320 |
| 27 | श्री महालक्ष्मी राईस मील | पटेवा | दुष्यंत सिन्हा/दीपक सिन्हा | 9770490652/8719829342 |
| 28 | श्री पितावली राईस मिल | झालखम्हरिया | दीपक अग्रवाल | 8435733330 |


# दीये पर नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार का कर नहीं वसूला जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 30 अक्टूबर।** दीपावली के शुभ अवसर पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले में परंपरागत मिट्टी के दीयों के विक्रय को बढ़ावा देने हेतु विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर कुम्हारों एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में इस पर्व पर विक्रय हेतु लाया जाता है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, नगर पालिका अधिकारियों और सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि कुम्हार और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दीया विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका संपूर्ण ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में इन विक्रेताओं से किसी भी प्रकार का कर न वसूला जाए। इसके अलावा, उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और दीयों से दीपावली को उज्जवल बनाएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल कुम्हारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीयों के विक्रय के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराएं ताकि इन विक्रेताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।










## एक नजर

### पदोन्नत कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर दी बधाई



**बलौदाबाजार, 30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप निरीक्षक (अ) शैलेन्द्र प्रजापति पदोन्नत होकर बने निरीक्षक (अ) पुलिस अधीक्षक द्वारा कंधे पर तीन स्टार लगाकर निरीक्षक (अ) बनने की बधाइयां दी गई। 29 अक्टूबर को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में उप निरीक्षक (अ) शैलेन्द्र प्रजापति के निरीक्षक (अ) के पद पर विभागीय पदोन्नति सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा उप निरीक्षक (अ) शैलेंद्र प्रजापति के कंधे पर तीन स्टार लगाकर निरीक्षक (अ) के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में शैलेंद्र प्रजापति पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ है।

### गफ्फू मेमन बने भाजपा के सक्रिय सदस्य मंडल अध्यक्ष सोनटेके ने दिया प्रमाण पत्र



**छुरा, 30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान जारी है। प्राथमिक सदस्य बनने के बाद अब पार्टी ने तीसरे चरण में सक्रिय सदस्य अभियान भी शुरू कर दिया है। 100 से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन भाजपा के सक्रिय बने। जिला भाजपा कार्यालय में गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों को मौजूदगी में उन्हें भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना ही गर्व की बात है। भाजपा सिद्धांत और अनुशासन वाली पार्टी है, पार्टी के जिम्मेदारी भरे दायित्व का निर्वहन करने हेतु सक्रिय बनना जरूरी है। भाजपा के रीति नीति और संगठन के अनुरूप उन्होंने 100 से अधिक सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बने है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो काम करने वालो और मेहनत करने वालों को सम्मान देती है। उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से जिन्होंने 100 से अधिक सदस्य बना लिए तत्काल अपने मंडल अध्यक्ष ने मिलकर सक्रिय सदस्य बनने की अपील भी की। इस अवसर पर राधेश्याम सोनवानी, धनराज विश्वकर्मा, मोहित हरपाल भी उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर साहू का चयन एसआई के होने पर लोगों ने दी बधाई



**कसडोल, 30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कहते है ना कि पानी से नहाते है, वो लिबास बदलते है। लेकिन जो पसीने से नहाते है वो इतिहास बदलते है। कसडोल नगर में बहुत ही खुशी की बात है कि इसी कथन को चरितार्थ करते हुए आज हमारे नगर के मेहनतकश, होनहार युवा चंद्रशेखर साहू पिता लाला राम साहू (डायमंड टेलर) जिन्होंने अपनी परिश्रम से आज सब इंस्पेक्टर (एस.आई. )के पद पर चयनित हुए। जिस पर उनको और उनके पूरे परिवार और साथ ही समाज का नाम रोशन किया जिस पर पुलिस विभाग से कसडोल थाना प्रभारी रितेश मिश्रा एवं भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, भीखम जयसवाल, संजू साहू, कमल श्रीवास, राजादास मानिकपुरी, गौरी सेन सहित युवा मोर्चा के साथीगण सौजन्य मुलाकात करके गुलाल से तिलक, साल, श्रीफल, मोमेंटो और मिठाई खिलाकर करके उनको और उनके पूरे परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दिए।

# सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी में पूरे उत्साह से दौड़ा शहर

- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का किया रवाना जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर-एसपी ने लगाई दौड़
- प्रतिभागियों ने ली राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 अक्टूबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज सवेरे जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया है।

जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चक्रपाणि स्कूल से नगर भ्रमण होते हुए आउटडोर स्टेडियम तक आयोजित एकता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारीयों-कर्मचारियों सहित सभी शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी शालाओं के छात्र- छात्राओं और गणमान्य नागरिको सहित मिडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सुबह 8 बजे हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। साथ ही दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्रीय एकता में उत्कृष्ट योगदान पर उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि देश को एकजुट करने में सरदार पटेल का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बटे हुवे भारत देश को एक कर नए भारत निर्माण में योगदान दिया है। सोनी ने कहा कि एकता और संवेदनशीलता के साथ ही एक अच्छे समाज का निर्माण करते हुवे देश को सशक्त बनाया जा सकता है।

उन्होंने सभी लोंगों को एकता की भावना का परिचय देते हुए देश के विकास में योगदान देने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एडिशन एस पी अभिषेक सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य के एस तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी, युवा छात्र-छात्राए विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

# दीपावली में सभी वर्ग के लोगों की सुविधाओं का रखें ख्याल : कलेक्टर

- नगरीय निकायों में सफाई व्यवस्था की कड़ाई से निगरानी के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की।उन्होंने दीपावली पर्व में क़ानून व्यवस्था चुस्त -दुरुस्त रखते हुए व्यवसायियों तथा लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में खरीदी- बिक्री में किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने कहा की नगरीय निकायों में पटाखा दुकान आवंटन के उपरांत सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। दुकान स्थल का सुरक्षा मानक रिपोर्ट लेने के लिए तहसीलदार, सीएमओ, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला नगर सेनानी की टीम गठित करें और रिपोर्ट लें।सभी दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। अनुपालन नहीं करने वाले दुकानदारों के दुकान का आवंटन निरस्त करें। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएमओ, तहसीलदार एवं एसडीएम प्रतिदिन नगरीय निकायों में साफ सफाई की कड़ाई से निगारनी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी 5 नवम्बर को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा की और सबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टालों की साज- सज्जा विभागीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए गरिमापूर्ण होनी चाहिए। पीएम आवास निर्माण हेतु निःशुल्क रेत व्यवस्था - कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को पारदर्शी ढंग से निःशुल्क रेत उपलब्ध कराने हेतु विकसित किये गए सॉफ्टवेयर में सावधानीपूर्वक प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा क़ि हितग्राहियों को निःशुक रेत परिवहन ट्रेक्टर या छोटी वाहन में करना होगा। ऑनलाइन एंट्री के लिए रोजगार सहायक व तकनीकी सहायक को अधिकृत किया गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।



# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 अक्टूबर।** 27 अक्टूबर को रात्रि में महंत नयनदास स्मृति स्थल बलौदाबाजार में आयोजित शादी कार्यक्रम में मुंगेली से बारात आया हुआ था, जिसमें शादी रिसेप्शन में बज रहे डीजे में डांस करने की बात को लेकर आरोपियों द्वारा बारातियों से झगड़ा विवाद करना शुरू कर दिया गया तथा आरोपियों द्वारा एक राय होकर, आवेश में आकर पत्थर, डंडा आदि से मृतक गणेशराम पाटले को गंभीर चोट पहुंचाते हुए उसकी हत्या कर दिया गया। साथ ही बारात में आए हुए अन्य लोगों को भी चोंटे आई थी। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 991/2022 धारा 147, 148, 325, 323, 294, 302, 149, 427 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार राकेश कुमार वर्मा ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपियों द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में शामिल 03 आरोपी पिंटू बंजारे, करन बंजारे एवं पंकज बंजारे को भादवि की धारा 302, 34 में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एवं जांच कार्यवाही थाना सिटी कोतवाली से तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक यदुमणी सिदार एवं शासन की ओर से पैरवी राजेश द्विवेदी लोक अभियोजक द्वारा किया गया है।



**आरोपियों के नाम**

- » पिंटू बंजारे उम्र 24 साल निवासी मिशन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली
- » करन बंजारे उम्र 22 साल निवासी मिशन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली
- » पंकज बंजारे उम्र 19 साल निवासी मिशन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली

# मूंदड़ा हाउस में बनाई गई प्रसिद्ध लोगों की रंगोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 अक्टूबर।** शहर में रंगोली देखने की प्रथा दीप पर्व की दीपों की माला के साथ 50 वर्षों से हो रहा है. वैसे तो रंगीली आदिकाल से दिवाली में शुभ कार्य में लगाई जाती ही है अभी वर्तमान में नगर के कुछ घरों में रंगोली उत्सव को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत करते हैं लगभग 35 वर्षों से और शहर के लोग रंगोली की कलाकृति का अवलोकन करते हैं. और जिस घर में रंगोली बनती है सम्मानजनक स्वागत भी करते हैं और अपनी कला को प्रदर्शित करते है। भाटापारा की चर्चित रंगोली में प्रीति शाह माल के सामने रावण भाटा रोड साइ नगर नगर, रामलीला मैदान के सामने मल गली में मोनू मल, अभिनव दुबे, रीना वासवानी नियर झूलेलाल मंदिर मेघा वर्मा कृष्णा नगर, विनीत वर्मा सिविल लाइन, राम रतन मूंदड़ा सदर बाजार देवेंद्र सचदेव न्यू हिंदी के सामने, विजय प्रार्थना लखवानी लक्ष्मी अपार्टमेंट खोलवा रोड, श्रेया सचदेव लक्ष्मी अपार्टमेंट, प्रार्थना की जय झूलेलाल वार्ड और अन्य जगह बनाई जा रही है और लोगों का आदर सत्कार रंगोली दिखाते हैं। 28 वर्षों से राजनीतिक लोक संस्कृति क्रीडा जगत धर्म के प्रति समर्पण के साथ मुंधडा हाउस रंगोली बनाई जाती है हर वर्ष के करंट टॉपिक और करंट फेस।



### प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**बलौदाबाजार, 30 (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफआयुर्वेद नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र सह 100 बिस्तर अस्पताल का भी शिलान्यास किया गया जिसमें सभी ने वर्चुवल माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के जनचौपाल कक्ष में नवम आयुर्वेद दिवस मनाया गया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने की।डॉ. एल.एस. ध्रुव द्वारा आयुर्वेद के महत्व के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में एम. डी. मानिकपुरी द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतो को आत्मसात कर अपने जीवन को रोग मुक्त रखने के बारे में बताया गया। आयुर्वेद को सभी जनमानस के हित में प्रयोग करने की मानसिकता को बढ़ाने पर बल दिया गया। विभाग की वरिष्ठ चिकित्सिका डॉ. उत्तरा खंडेल द्वारा भी आयुर्वेद की उत्पत्ति के बारे में प्रकाश डाला गया। डॉ. ममता मिश्र ने भी अपने अनुभव सभी उपस्थित जनों के साथ साझा किये। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों को जिला आयुष अधिकारी ने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई।

# जिले के कवियों ने सरस काव्य पाठ कर समां बांधा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**हथबंद, 30 अक्टूबर।** जनवादी लेखक संघ जिला इकाई बलौदाबाजार के अध्यक्ष चोवाराम बादल एवं सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र के अध्यक्ष मुबारक हुसैन के संयुक्त नेतृत्व में काव्य गोष्ठी, पुस्तक विमोचन, एवं पुस्तक समीक्षा का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डा परदेशी राम वर्मा प्रांताध्यक्ष जनवादी लेखक संघ छग थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्य कार बद्री प्रसाद पारकर ने की विशेष अतिथि कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा संदीप पांडे शिक्षा विद चन्द्र कुमार नायक प्रभारी प्राचार्य थे। चोवाराम बादल द्वारा रचित 1000 दोहा संग्रह मनका, डा तुलेश्वरी धुरंधर द्वारा रचित छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्षी विधायकों की भूमिका का विमोचन किया गया। बद्री प्रसाद पारकर द्वारा लिखित आत्मकथा धीरे धीरे उतरे पार की समीक्षा साहित्यकार मुबारक हुसैन और चोवाराम बादल ने की। जिले भर से आये साहित्यकारों ने व्यंग, छंद, के माध्यम से समसामयिक विषयों पर जीवन दर्शन समाज में आ रही विकृति राजनीति के बदलते स्वरूप राष्ट्र भक्ति नशा बंदी जैसे विषयों पर सरस काव्य पाठ कर शमा बांधी। साहित्यकारों में अजय अमृतांशु मनीराम साहू मितान कौशल साहू डा इन्द्राणी साहू डा तुलेश्वरी धुरंधर अशोक कुमार दास हेमंत कुमार अगम पुरूषोत्तम साहू संतोष धीवर टाप लाल वर्मा मोहन वर्मा ने अपनी रचना प्रस्तुत की। समारोह में निजाम सिंह वर्मा, दुलारी नायक मंतराम वर्मा विशेषर पाल बाबूलाल शुक्ला राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित स्काउट टापेश्वर निषाद हिमाँशु कौशिक देवेन्द्र साहू तनू सिमरन वर्मा निधि तनू साहू उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों ने चंद्रशेखर को एसआई बनने पर दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 30 अक्टूबर।** कसडोल नगर के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि सामान्य परिवार से आने वाला जो कि बहुत ही कम संसाधनों के साथ एस. आई. परीक्षा की तैयारी प्रारंभ किया और आज उनकी मेहनत रंग लाई। ऐसे मेहनतकश, होनहार युवा सुनील कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू जिन्होंने अपनी परिश्रम से आज सब. इंस्पेक्टर (एसआई) प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित हुए साथ ही ये उन युवाओं के लिए भी एक संदेश है जो मोबाइल, इंस्टाग्राम और फेसबुक में समय खराब कर रहे है। कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती और लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती। इस उपलब्धि के लिए उनको और उनके पूरे परिवार और साथ ही समाज का नाम रोशन किया जिस पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, जनपद पंचायत सभापति एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, भीखम जयसवाल, संजू साहू, कमल श्रीवास, राजादास मानिकपुरी, गौरी सेन सहित युवा मोर्चा के साथीगण सौजन्य मुलाकात करके गुलाल से तिलक, स्मृति चिन्ह, साल, श्रीफल और मिठाई खिलाकर करके उनको और उनके पूरे परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दिए।

## जिला पुलिस ने दीपावली पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए व्यापक सुरक्षा प्रबंध

# क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं 19 पार्टियां

- दीपावली पर्व के पूर्व शांति समिति की बैठक आयोजित कर सांप्रदायिक सौहार्द एवं शांति पूर्वक दीपावली मनाने की गई अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में दीपावली पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध किया गया है, जिसके तहत संपूर्ण जिले को 03 अनुविभाग में विभाजित किया गया है। जिसमें बलौदाबाजार सेक्टर में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली, लवन, पलारी, हथबंद एवं चौकी करहीबाजार क्षेत्र अंतर्गत थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ पुलिस बल के माध्यम से सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। भाटापारा अनुविभाग की कमान एसडीओपी भाटापारा के हाथों में है, उनके निर्देशन में थाना भाटापारा शहर, भाटापारा ग्रामीण, सिमगा, सुहेला क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु लगातार कार्यवाही संपादित किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना कसडोल, राजादेवरी, गिधपुरी, गिधौरी, चौकी गिरौदपुरी, बया, सोनाखान थाना/चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व उप पुलिस अधीक्षक कसडोल के कंधों पर है, उनके निर्देशन में संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ पुलिस बल द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। साथ ही पूरे जिले में दीपावली पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, मार्केट एरिया आदि में खरीदारी करने के लिए आने वाले लोगों की व्यवस्था एवं समुचित यातायात/पार्किंग के लिए उप पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशन में यातायात शाखा बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा एवं कसडोल के माध्यम से समुचित यातायात व्यवस्था संपादित की जा रही है। इस दौरान मार्केट एरिया में प्रवेश करने वाले समस्त महत्वपूर्ण प्रवेश मार्ग एवं स्थानों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की जाम अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने से रोका जा सके। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में पुलिस की 19 पेट्रोलिंग पार्टियां लगाई गई है, जिनके द्वारा आज सुबह से ही क्षेत्र अंतर्गत लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। जिले में 24 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स पिकेट्स के रूप में पुलिस बल लगाया गया है। बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर स्थित सदर बाजार में सशस्त्र पुलिस गार्ड लगाकर सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। इस दौरान संपूर्ण जिले में दीपावली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु कुल 180 का पुलिस बल विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में लगाया गया है। दीपावली पर्व के पूर्व पुलिस बल द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई है, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ एवं नागरिक गण, पत्रकार बंधुओ की उपस्थिति में दीपावली पर्व में आपसी समन्वय स्थापित कर सांप्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्णय लिया गया है।




**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/893/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024-25 कवर्धा, दिनांक 29/10/2024

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य विवरण | कुल अनु. लागत राशि (लाख में) | नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नवीन बाजार में 04 नग दुकान निर्माण | 6.00 | 12.11.2024 |

2- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

# दुकान और मकान पर जबरन बुलडोजर चलाने का आरोप



**रायपुर 30 अक्टूबर।** कुरूद निवासी हर्षा अग्रवाल पति राहुल अग्रवाल ने एक पत्रवार्ता में बताया कि मेरे और मेरे पति के साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा 11 अगस्त को हमारे पुश्तैनी दुकान और मकान को खुलेआम जे.सी.बी.मशीन के द्वारा तोड़ दिया गया और हमारे साथ जबरदस्ती मारपीट की गई है। मैं इस संदर्भ्में आप सभी के माध्यम से यह कहना चाहतीं हूं कि स्थानीय पुलिस द्वारा अपराधी तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है और उन पर कानून सम्मत कार्रवाई नहीं की जा रही है। मेरे पत्ति राहुल अग्रवाल और मेरे ससुर स्व. संतोष अग्रवाल पुश्तैनी लकड़ी का व्यवसाय हमारी पुश्तैनी जमीन पर करते आ रहे थे। उक्त व्यवसाय को संचालित करने के लिये हमारे पुराने मकान में ऑफिस भी है जिसमें मैं अपने पति का सहयोग करती हूं। दिनाँक 05/08/2024 को व्यवसाय संचालन करने हेतु सुबह 11 बजे गयी थी, क्योकि मेरे पति राहुल अग्रवाल लकड़ी खरीदी हेतु कोड़ार डिपो गये थे। तभी 12 बजे के आसपास हमारे आफिस में अंकिता अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, रमन सर्राफ उसके दो दोस्त एवं दो बाउंसर लेकर आए और इस जगह को खाली करने को कहा नहीं तो इसे तोड़ देने की धमकी देते हुए टेबल कुर्सी पटकते हुए पोस्टर आदि को फ़ाड़ दिया गया। मेरे द्वारा महिला हेल्प लाइन 1091 में सहायता फोन लगाकर जानकारी दी गई तो थाना कुरूद के दो सिपाही आयें और उनको समझाइश दी और मामले को शांत करा कर उन सभी को वहां से निकाला गया।

घटना दिनांक 11 अगस्त को मेरे पति राहुल अग्रवाल को 11 बजे थाना कुरूद बुलाया गया था। जहां पर उनसे कुछ कागजात पर हस्ताक्षर लिए गए। मेरे पति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी जिसकी सूचना भी हमने थाने में दी है। इस बीच हमारी दुकान में अचानक अंकिता अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, विजय गोयल, अजय सर्राफ, गौरव सर्राफ, रमन सर्राफ दो पुरुष और दो महिला बाउंसर पहुंच गए और मेरे बाल एवं हाथ को पकड़कर दुकान से बाहर निकल कर हाथ और पैरों से मारने लगे साथ ही मेरे कपड़े भी फ़ाड़ दिये। साथ ही उन्होंने मेरे मोबाइल को नाली में फेंक दिया। और अपने साथ लाई जे.सी.बी.मशीन से फर्नीचर माल सहित दुकान और आफिस को तोड दिया गया। मेरे साथ साथ मेरी बहन दिशा को भी मां बहन की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह अपने को संभाल कर फोन से अपने पति राहुल को मैंने बुलाया तो उनके पहुंचने पर उनके साथ भी जबरदस्त मारपीट की गई। ये सभी व्यक्ति कुरूद के निवासी नहीं है, इसके बावजूद थाना कुरुद और पदस्थ पुलिस वाले इन सभी का सहयोग कर रहे हैं। घटना के बाद मेरे द्वारा महिला हेल्पलाइन पर फोन किया गया तो थाने में जाकर आवेदन देने कहा गया। आवेदन देने पर बड़ी मुश्किल से हमारा मुलाहिजा और एक्स रे सहित उपचार कराया गया।

## निधन

### अश्विनी शर्मा



**रायपुर।** टाटीबंध निवासी अश्विनी शर्मा, सेवानिवृत्त प्रबंधक इलाहाबाद बैंक,नगर गांव वाले का आज निधन हो गया। दोपहर 2 बजे महादेव घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे स्वर्गीय मनहरण शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र व अनिल,सुनील के बड़े भाई तथा मिंटू के पिता थे।

# युवा विप्र संगठन ने उपमुख्यमंत्री को दोषियों पर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 30 अक्टूबर।** तहसील/कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ शासकीय कर्मी प्रदीप उपाध्याय द्वारा आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा है। घटना में उन्होंने एक सुसाईड नोट भी लिखा है जिसमे उन्होंने आत्महत्या का कारण उनके कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर होना बताया है। उक्त सुसाइड नोट में उन्होंने उक्त अधिकारियों का नाम भी उल्लेखित किया है। सुसाइड नोट में उल्लेखित प्रताड़ना जिसमे जानबूझकर परेशान करने के



उद्देश्य से बार बार स्थानांतरण, जातिसूचक शब्दों का दुर्भावना वश उपयोग ब्राह्मण को भगाओं जैसे घृणित मानसिकता से साथ जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर तिरस्कृत करना सुसाइड नोट में उल्लेखित किया गया है जिसके चलते छत्तीसगढ़ी युवा विप्र संगठन द्वारा माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को दोषियों पर ठोस कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौंपा एवं त्वरित जांच कमिटी का गठन करने के लिए कहा गया।इस अवसर पर युवा विप्र संगठन के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। संगठन ने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

# शास्त्री बाजार में सफाई अभियान

**रायपुर 30 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 'मेरा भारत मेरी दिवाली' राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज शास्त्री बाजार में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।












कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26